सेंसेक्स 74,454.41 ● निफ्टी 22,552.50 ● डॉलर 86.71 ₹ ● सोना 86,470 ₹ ● चांदी 1,08,000 ₹

पेज 06 निवेश के सूत्र समझते हैं डॉ. मोहन...
पेज 08 पीएम मोदी का बिहार के विकास में...

पारा आपडेट
मैक्सिमम 27.00 | मिनीमम 13.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.49
सूर्योदय (कल) ▸ 06.15

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 25 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 233 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

पेज 12



## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में अगली सुनवाई छह मार्च को

**सुलतानपुर।** कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सोमवार को एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। अगले गवाह से राहुल गांधी के अधिवक्ता को जिरह करनी थी, लेकिन गवाह की ओर से परिवादी के अधिवक्ता ने हाजरी माफी लगा दी। अब इस मामले में छह मार्च को मामले में सुनवाई होगी। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपीएमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी। इससे वह वह खासे आहत हुए। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, लेकिन राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

### पंजाब के आंदोलनकारी किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला वापस लिया

**चंडीगढ़।** पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने मंगलवार को होने वाले दिल्ली कूच का ऐलान फिलहाल वापस ले लिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने सोमवार को अमृतसर में राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि किसानों की जमीनों पर जबरदस्ती कब्जे न करें। उन्हें उचित मुआवजा दें। अभी हमारा ध्यान केंद्र की तरफ है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर किसी भी जिले में जबरदस्ती जमीन अधिग्रहित की गई तो पंजाब सरकार की नाक में दम कर देंगे। सरवन सिंह पंधेर ने सरकार से सोमवार को शुरू हुए सत्र को लंबा करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि विदेश से लौटे युवाओं को गलत तरीकों से बाहर भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ, नशे के खिलाफ और पंजाब के अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की जाए। इसके साथ ही सीएम भगवंत मान के समक्ष मांग रखी कि उनकी 12 मांगों को लेकर सत्र में पास करके केंद्र को भेजा जाए। इस दौरान मंडी प्राइवेटाइजेशन को लेकर केंद्र में पास किये गए बिल के खिलाफ भी मत पास कर केंद्र को भेजकर मंडियों को प्राइवेट हाथों में जाने से रोका जाए।

### पटना में ट्रक और ऑटो की टक्कर में सात मजदूर की मौत

**पटना।** बिहार के पटना जिले में मसौढी थाना क्षेत्र के मसौढी-नौबतपुर मार्ग पर नूरा पुल के पास रविवार देर रात एक ट्रक और ऑटोरिक्शा के बीच हुई टक्कर में सात मजदूरों की दबकर मौत हो गई। मसौढी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (01) ने सोमवार को बताया कि पटना से मजदूरी कर करीब 12 मजदूर एक ऑटोरिक्शा पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे तभी नूरा पुल के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक का एक्सल टूट जाने से वह अनियंत्रित होकर ऑटो से टकरा गया और पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार सात मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शवों को ऑटो से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान ऑटो चालक सुशील कुमार (34), विनय बिंद (31), रमेश बिंद (50), मतेंद्र बिंद (25) और उमेश बिंद (36) के रूप में की गई है। इस घटना में ट्रक के नीचे ऑटोरिक्शा दब गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

---


### पीए मोदी ने भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की जारी, 22 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर

# एनडीए सरकार के लिए किसान कल्याण ही प्राथमिकता : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि देश के गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है।

● **महाकुम्भ को बदनाम कर रहे हैं जंगलराज वाले, बिहार इन्हें माफ नहीं करेगा**



प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था, विरासत और विकसित भारत का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है लेकिन जंगलराज वाले इन्हें हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। ये भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी अधिक लोग इस एकता के महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं, लेकिन ये जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। महाकुंभ को गाली देने वाले लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि में बिहार के 75 लाख से अधिक किसान परिवार भी शामिल हैं और उनके खातों में 1600 करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने लालू यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए चारा घोटाले का जिक्र कर पिछली सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज, पर्याप्त और सस्ती खाद, सिंचाई की सुविधा, पशुओं का बीमारी से बचाव और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं वो इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है।

#### अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़तीं

उन्होंने कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं, यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। कोरोना संकट के दौरान भी हमने किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो क्या होता। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़तीं। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज किसानों को यूरिया का एक बैग 3,000 रुपये में मिल रहा होता। पहले की सरकारें बाढ़, सूखा और ओले के स्थिति में किसानों को उनकी हाल पर छोड़ देती थीं। वर्ष 2014 में एनडीए सरकार पीएम फसल बीमा योजना लेकर आई। इस योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम किसानों को आपदा के समय मिल चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और जंगलराज वाले सरकार में थे तब इन लोगों ने खेती का बजट रखा था उससे कहीं अधिक हम बैंक खातों में भेज चुके हैं। ये काम कोई भ्रष्टाचारी नहीं कर सकता है। बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। इससे किसानों को उनकी उपज की ज्यादा कीमत मिलने लगी है। कई कृषि उत्पादों का पहली बार निर्यात शुरू हुआ है। अब इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया

---

**झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू**

### राज्यपाल ने की सरकार के कार्यों की सराहना, बोले

# मंईयां व अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई गतिशील

संवाददाता

**रांची।** छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकसित झारखंड की यात्रा को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस यात्रा में मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशील हुई है।

राज्यपाल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद पहल को बढ़ावा देने के लिए 163 करोड़ रुपए से रांची के कोर कैपिटल एरिया, धुर्वा में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। धुर्वा में ही 3.45 एकड़ भूमि पर झारखंड वर्ल्ड ट्रेड सेंटर भी बनाया जा रहा है। इससे राज्य में निर्यात से संबंधित जरूरी आधारभूत संरचनाओं का विकास, निर्यात की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की लागत राशि में से 47 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन कर रही है।



#### दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

बजट सत्र में पहले दिन सदन में शोक प्रकाश के दौरान दिवंगत हुए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पूर्व सुबह 11.5 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। वहीं सदन की कार्यवाही को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

#### राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार प्रयासरत

राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों में 59 कांड दर्ज किए हैं। इसमें कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से चलाए गए नक्सली अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और नौ नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। वहीं 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए इस वित्त वर्ष में 81 भर्ती कैंपों और 63 रोजगार मेलों का आयोजन कर 8499 युवाओं का चयन किया गया है। साथ ही स्किल कॉन्क्लेव का आयोजन कर 21861 प्रशिक्षण लेनेवालों को रोजगार ऑफर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि छात्रों को आर्थिक सशक्तिकरण करने के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि को बढ़ाकार क्रमश : 500 को बढ़ाकर 1500 और 2250 को बढ़ाकर 4500 रुपए कर दिया गया है।

---

### पीएम ने किया भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ

# दुनिया को भारत से बहुत आशाएं हैं : मोदी

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सोमवार से दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समिट का शुभारंभ किया। समिट में देश और विदेश के डेलीगेट्स और उद्योगपति मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने प्रदेश की 18 नीतियों का लोकार्पण किया। यह नीतियां प्रदेश में विकास की गति को नई दिशा देंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश का यही समय सही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश से विकसित भारत की यात्रा में आज का ये कार्यक्रम बहुत अहम है। इस भव्य आयोजन के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए इतनी ऑप्टिमिस्टिक है। पूरी दुनिया में चाहे सामान्य जन हो, अर्थनीति के विशेषज्ञ हो, विभिन्न देश हो या फिर इंस्टीट्यूशन इन सभी को भारत से बहुत आशाएं हैं।



#### 18 से अधिक नई नीतियां लॉन्च की

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार की निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 18 से अधिक नई नीतियां भी लॉन्च कीं। कार्यक्रम में प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं पर केंद्रित लघु फिल्म 'मध्य प्रदेश-अनंत संभावनाएं' का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत पर केंद्रित लघु फिल्म 'इंडिया ग्रोथ स्टोरी' का भी प्रदर्शन किया गया।

---

### महाकुंभ से वाराणसी लौटे रही वाहन दुर्घटनाग्रस्त

# तेलंगाना के चार श्रद्धालुओं की मौत

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के लालगंज-मीरजापुर मार्ग पर तुलसी गांव के पास सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। कार अनियंत्रित होकर पीछे से खड़े ट्रक में टकरा गई। हादसे में तेलंगाना राज्य के रहने वाले चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गये। ये सभी लोग प्रयागराज महाकुम्भ से वाराणसी दर्शन को जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के रहने वाले चित्र (44), विशाल (20), वेंकट रेड्डी (40) और माल रेड्डी (40) शामिल हैं। वहीं घायलों में तेलंगाना के मोतीला, वाराणसी निवासी वीरेंद्र और राहुल का इलाज मंडलीय अस्पताल में चल रहा है। ये सभी प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद वाराणसी दर्शन को जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के श्रद्धालु आर्टिका कार से जा रहे थे। तभी अचानक चालक के नियंत्रण खोने के कारण कार ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लालगंज ले जाया गया। वहां पर डाक्टरों ने चार श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

---

### जबलपुर में कर्नाटक के महाकुंभ तीर्थयात्रियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

# छह श्रद्धालुओं की मौत, दो की हालत नाजुक

एजेंसी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में सिहोरा के पास सोमवार अलसुबह एक तेज रफ्तार जीप (तूफान वाहन) अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए रॉन्ग साइड पर चली गई और सामने से आ रही बस से जा भिड़ी। हादसा इतना भीषण था कि जीप में बैठे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सिहोरा अस्पताल में प्रारंभिक इलाज देने के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जीप सवार सभी लोग कर्नाटक के रहने वाले थे और प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, तूफान वाहन (केए 49 एम 5054) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से जबलपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान सिहोरा के खितौला थाना इलाके में पहरेवा बायपास पर सोमवार तड़के करीब चार बजे वाहन डिवाइडर तोड़ते हुए गलत साइड पर पहुंच गया और बस (एमएच 40 सीएम 4579) से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार, हादसे में मरने वालों की पहचान वीरुपक्शी गुमती, निवासी बेलगाम, कर्नाटक, बासविराज कुरती निवासी गंगोंक, बालचंद्रा, राजू, सुनील और वीरना के रूप में हुई है। वहीं, सदाशिव कुमार (59) निवासी गंगोंक, कर्नाटक और मुस्तफा घायल हुए हैं, जिन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

हादसे में घायल हुए कर्नाटक के गंगोंक निवासी सदाशिव कुमार (59) ने पुलिस को बताया कि वाहन में सवार सभी लोग आसपास के गांव के रहने वाले हैं। किराए की टैक्सी लेकर शुक्रवार रात कर्नाटक के बेलगाम से रवाना हुए थे। रविवार को प्रयागराज कुंभ में स्नान के बाद रात को लौट रहे थे। सदाशिव का कहना था कि वह सबसे पीछे बैठा हुआ था। एक तेज धमाका हुआ, उसके बाद कुछ भी याद नहीं।

---

**वायु सेना** › रक्षा मंत्रालय ने तेजस एमके-1ए का उत्पादन सुचारू करने के लिए बनाई पांच सदस्यी कमेटी

# बाधाओं की पहचान करके समिति करेगी सिफारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में 'एयरो इंडिया' के दौरान वायु सेना प्रमुख की नाराजगी के बाद स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके-1ए का उत्पादन सुचारू करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने एक कमेटी का गठन किया है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी यह समिति एलसीए के उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे पर काम करेगी, क्योंकि सरकार वायु सेना के लड़ाकू स्क्वाड्रनों को बढ़ावा देना चाहती है। पांच सदस्यीय समिति को एलसीए कार्यक्रम में बाधाओं की पहचान करने और उत्पादन में तेजी लाने के उपायों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है।



दरअसल, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बेंगलुरु में 'एयरो इंडिया' के दौरान एलसीए विमान की आपूर्ति में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। बेंगलुरु में एक विमान का निरीक्षण करते समय एयर चीफ को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अधिकारियों से यह कहते हुए सुना गया था कि उन्हें सरकारी एयरोस्पेस कंपनी पर 'कोई भरोसा नहीं' है। एक वीडियो में एपी सिंह को यह कहते हुए सुना गया, 'मैं आपको केवल यह बता सकता हूं कि हमारी आवश्यकताएं और हमारी चिंताएं क्या हैं। फिलहाल, मुझे एचएएल पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।' इसी के बाद रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके-1ए के उत्पादन और आपूर्ति में देरी को दूर करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। परिचालन स्क्वाड्रनों की संख्या में लगातार गिरावट को लेकर चिंताओं के बीच भारतीय वायुसेना अपने लड़ाकू जेट बेड़े को मजबूत करना चाहती है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय समिति को एलसीए कार्यक्रम में बाधाओं की पहचान करने और उत्पादन में तेजी लाने के उपायों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। उच्चस्तरीय समिति को लड़ाकू जेट बनाने में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाने की भी जिम्मेदारी दी गई है।

#### समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए एक महीने की दी गई है समयसीमा

अधिकारियों ने बताया कि समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए एक महीने की समयसीमा दी गई है। समीक्षा में विमान निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के तरीकों की खोज की जाएगी, ताकि डिलीवरी में तेजी लाई जा सके। वायु सेना अगले दशक और उसके बाद एमके-1, एमके-1ए और एमके-2 सहित लगभग 350 एलसीए वेरिएंट संचालित किए जाने की उम्मीद है। एलसीए कार्यक्रम सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता का प्रयास है। समिति की सिफारिशों से भारतीय वायुसेना की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

---

# राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन 4-5 मार्च को

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 4-5 मार्च को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय किया है। ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है।

चुनाव आयोग के अनुसार पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करें। सांविधिक अधिकारियों के रूप में सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। दो दिवसीय सम्मेलन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को विचार-मंथन और एक-दूसरे के अनुभवों से परस्पर सीखने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी, जिसमें आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संवाद, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ावा और निर्वाचन प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है। सम्मेलन के दूसरे दिन, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ पिछले दिन की विषयगत चर्चाओं पर अपनी-अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 25 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# सीएम से विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधान सभा में विभिन्न सरना समिति एवं आदिवासी संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण से संबंधित कुछ मांगो से अवगत कराया। मौके पर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक राजेश कच्छप सहित सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, जय आदिवासी परिषद, आदिवासी जन परिषद एवं सिरम टोली सरना समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



रांची। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है। सत्र प्रारंभ होने से पहले विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्प भेंट किया। दूसरी ओर विधानसभा में मुख्यमंत्री सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा माणिक लाल हेंब्रम ने किया।

## विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक मार्च से

रांची। झारखंड विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक और दो मार्च को आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे, जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन प्रथम सत्र में सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका विषय पर भाजपा विधायक सीपी सिंह विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद लोकतंत्र और समावेशी विकास विषय पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकिशोर, जबकि संसदीय विशेषाधिकार पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपने विचार रखेंगे।इस सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन होंगे।वहीं दूसरे सत्र में संघवाद और राज्य विधायिका की चुनौतियां विषय पर होनेवाले तकनीकि सत्र की अध्यक्षता हरिवंश करेंगे। दूसरे दिन के तकनीकि सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। किशोर बजट और राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विचार प्रकट करेंगे। वहीं दूसरे सत्र का विषय विधि निर्माण के संबंध में विधायकों का दायित्व और झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली की आधारभूत अवधारणा विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा के संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज होंगे।

# किसानों की समृद्धि के लिए है सम्मान निधि : रक्षा राज्य मंत्री

संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से सोमवार को देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 19 वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित की। इस दौरान किसान विकास केंद्र, रामकृष्ण मिशन, रांची में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे।

इसके अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, कृषि वैज्ञानिक और कृषि कार्यों में रुचि रखने वाले प्रबुद्धजन भी मौजूद रहे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों की समृद्धि के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चार वर्गों की बात की है, जिसमें प्रमुख वर्ग हमारे अन्नदाता किसान है। किसानों का ख्याल रखना, कृषि से जुड़ी उनकी जरूरत का ख्याल रखना, यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कर रही है।



इसी के तहत प्रतिवर्ष किसानों को सम्मान राशि के रूप में 6000 रुपये दिए जाते हैं ताकि कृषि कार्यों में उनकी जरूरतें पूरी हो सकें। रक्षा राज्य मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से उपजाए गए कृषि उत्पादों को भी देखा और इसकी सराहना की।

उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र और रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के किसानों में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है। किसान अब प्राकृतिक खेती की तरफ लौट रहे हैं, यह सुखद है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान का प्रतिफल है कि हमारे अन्नदाताओं की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। अभी कृषि में बहुत कुछ करना बाकी है ताकि भारत कृषि क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो सके। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिस विकसित भारत की बात करते हैं, उसमें महत्वपूर्ण योगदान हमारे अन्नदाता किसानों का रहने वाला है। ऐसे में सरकार आपकी हर जरूरत का ख्याल रखेगी ताकि विकसित भारत के निर्माण में आपका महत्वपूर्ण योगदान मिल सके। इस अवसर पर राम कृष्णा मिशन के स्वामी स्वामी भबेशानंद सहित जिला के कृषि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नई तकनीक से खेती करने वाले 5 किसान सम्मानित

कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अनगड़ा के किसान संतोष बेदिया व दीपेंद्र बेदिया, मधुमक्खी पालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए रातू के किसान मनरखन महतो, नई तकनीकी के द्वारा कृषि कर अपनी उपज में अप्रत्याशित वृद्धि प्राप्त करने वाली अनगड़ा की महिला किसान सोनी देवी व पार्वती देवी को रक्षा राज्य मंत्री ने सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एबीवीपी करेगी शैक्षणिक सर्वेक्षण: शुक्ला

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर की ओर से यशवंत स्मृति भवन में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में होने वाले शैक्षणिक सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अभाविप बिहार झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला एवं प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारे उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिसर में कार्य करने वाला सक्रिय छात्र संगठन है, रांची में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को किस प्रकार उपलब्ध हो और परिसरों में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल किस प्रकार से बनाया जा सके। इसके लिए वर्तमान परिदृश्य में शैक्षणिक सर्वेक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिषद शैक्षणिक सर्वेक्षण करायेगी। सर्वेक्षण के पश्चात हम इस स्थिति में रहेंगे कि परिसरों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किन स्तरों पर सुधार की जा सकती है। इसके लिए अभाविप का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल एवं कुलपति से संवाद स्थापित कर झारखंड के सभी विश्वविद्यालय में इस प्रकार की पहल करेगी, जिससे उच्च शिक्षा का स्तर ठीक किया जा सके।

### मत्स्य निदेशालय के स्टॉल को मिला पुरस्कार

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम में 20-21 फरवरी को आयोजित किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी में झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय के स्टॉल को उत्कृष्ट स्टॉल के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संयोजक ज्योतिर्मय घोष और निदेशक अभिजीत कर के माध्यम से जाने-माने समाजसेवी पद्मश्री अशोक भगत के कर-कमलों द्वारा मत्स्य निदेशालय की मत्स्य प्रसार पदाधिकारी मंजूश्री तिर्की को प्रदान किया गया। उक्त प्रदर्शनी में मत्स्य निदेशालय, झारखंड की ओर से मछली उत्पादन, मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य आहार आदि से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई थी। साथ ही केज कल्चर, बायोफ्लॉक और आरएएस पद्धति से मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीक की जानकारियां मत्स्य कृषकों को स्टॉल पर दी गई। उक्त जानकारी मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार, धुर्वा के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

### जरूरतमंदों को लाभ दिलाने में कड़ी का काम करता है डालसा : शिवानी सिंह

**रांची।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में राहे प्रखंड के लोवाहातू पंचायत भवन में जस्टीस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता, सुश्री शिवानी सिंह ने जागरूकता लोगों को संबोधित करते हुए पोक्सो एक्ट, मोटरवैहिकल एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, डायन बिसाही एवं पीड़ित मुआवजा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में डालसा कड़ी का काम करता है। माननीय न्यायालय से पीड़ित या पीड़िता को मुआवजा देने के आदेश होने पर डालसा पीड़ितों को जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में सहायता करता है। बाल-विवाह एवं बाल-श्रम कानूनन अपराध है, इसमें सजा का भी प्रावधान हैं। नशा उन्मूलन पर उन्होंने बताया कि युवाओं को नशा से बचना चाहिए क्योंकि नशा से घर-परिवार बरबाद होता है, नशा के सेवन से शारीरिक व मानसिक हानि होती है। डायन-बिसाही भी अपराध के श्रेणी में आता है, किसी भी महिला को डायन कहना गलत है।

### सुदेश ने वनांचल आई के कार्यालय का किया शुभारंभ

**रांची ।** मोरहाबादी स्थित बलिहारी रोड कल्याण भवन के पास साप्ताहिक हिन्दी अखबार वनांचल आई का उदघाटन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अजसू सुप्रीमो व पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो ने फीता काटकर वनांचल आई के कार्यालय शुभारंभ किया। उन्होंने वनांचल आई के पूरी टीम को शुभकामनाए दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मीडिया देश को दिशा देता है । वनांचल आई जनता की आवाज बनेगी।

### अहर्निश शिव संकीर्तन अष्टयाम 26 को

**रांची।** शिव शिष्य परिवार की ओर से शिव शिष्यों के द्वारा महाशिवरात्रि के मौके पर पर वैश्विक शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में पुराना विधान सभा मैदान धुर्वा में 26 फरवरी मध्याह्न 12 बजे से दिनांक 27 फरवरी मध्याह्न 12 बजे तक भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 26 को संध्या आरती 7 बजे , 27 फरवरी को प्रसाद वितरण मध्यान्ह 12 बजे से। होगा। यह जानकारी कन्हैया सिंह ने दी।

# सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत का स्वप्न साकार होगा: सुनील बंसल



संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पी एन सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बालमुकुंद सहाय,विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही,नीलकंठ सिंह मुंडा,सीमा शर्मा सहित संगठन पर्व को सफल बनाने में जुटे जिलों के चुनाव पर्वेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एवम चुनाव अधिकारी सुनील बंसल , लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं चुनाव अधिकारी संजय जायसवाल का मार्गदर्शन हुआ।

संचालन गणेश मिश्र ने, विषय प्रवेश प्रदेश महामंत्री एवम चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सुनील बंसल ने कहा कि संगठन पर्व पार्टी की मजबूती और सर्व स्पर्शी विस्तार का पर्व है। भाजपा विचारधारा आधारित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आज देश भर में 13.50 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। पूरे देश में संगठन महापर्व कार्यक्रम चल रहा जिसमें झारखंड भी शामिल है। कहा कि सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत , स्वाभिमानी भारत का स्वप्न साकार होगा। कहा कि सशक्त भाजपा का मतलब सर्व स्पर्शी भाजपा,सर्व समावेशी भाजपा,सर्व व्यापी भाजपा। संगठन विस्तार में महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल दे रही है।

### भाजपा का मजबूत सांगठनिक जनाधार है: सांसद

सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि झारखंड में भाजपा का मजबूत सांगठनिक जनाधार है। जिसे और विस्तृत,व्यापक बनाने की प्रक्रिया संगठन पर्व में चल रही। भाजपा का संगठन कार्य सतत चलने वाला कार्य है।कहा कि संगठन पर्व भविष्य का कार्यकर्ता गढ़ने का पर्व है। पार्टी के विचारों,नीतियों और कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही धरातल पर ले जाने का माध्यम है।

### संगठन पर्व विलंब से शुरू हुआ: बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में संगठन पर्व विलंब से शुरू हुआ लेकिन हम इसे परिश्रम से समय पर पूर्ण कर सकते हैं। बूथ से लेकर जिला स्तर की सांगठनिक संरचना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

# सरकार ने बढ़ायी राशन कार्ड के ई-केवाइसी कराने की तारीख

संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राशन धारियों के लिए अच्छी खबर है। अब राज्य के 61,03,667 परिवार 31 मार्च 2025 तक अपने राशन कार्ड का ई-केवाइसी करा सकते हैं। मालूम कि केंद्र सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कराने की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी है. ऐसे में राज्य के भी राशन कार्ड धारकों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक माह का अतिरिक्त समय मिल जायेगा।

**झारखंड सरकार तय की थी ई-केवाइसी के लिए अंतिम तिथि 28 फरवरी**

इससे पहले झारखंड सरकार ने राज्य में ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 28 फरवरी तक की तिथि तय की थी। झारखंड में 61,03,667 परिवार के 2,63,86,726 सदस्यों का ई-केवाईसी कराना है। अब तक



लगभग 65 प्रतिशत राशन कार्डधारियों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएच, एएवाई के अलावा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आनेवाले हरे राशन कार्ड और अन्य सभी कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है। ताकि, वास्तविक लाभुकों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

# सरहुल से पहले महिला शाखा का गठन करेगी कांके रोड सरना समिति

संवाददाता

**रांची।** कांके रोड स्थित शाहदेव मैरेज हॉल में कांके रोड सरना समिति की बैठक समिति के महासचिव राजेश लकड़ा ने की। संचालन समिति के सलाहकार प्रकाश टोप्पो ने किया। इसमें सरहुल से पहले समिति की महिला शाखा का विस्तार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में 1 अप्रैल को आदिवासियों के सबसे बड़े पर्व सरहूल की तिथि निर्धारित की गई। इसे देखते हुए कांके रोड सरना समिति महिला शाखा बनाने को लेकर विचार विमर्श किया। सिरमटोली स्थित केन्द्रीय सरना स्थल के मुख्य द्वार के सामने फ्लाईओवर निर्माण कार्य किये जाने



का कांके रोड सरना समिति ने कड़ा विरोध भी जताया।

कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्ल्यू मुंडा ने कहा है कि हम आदिवासी समाज बहुत शांतिप्रिय लोग हैं। हम विकास विरोधी नहीं हैं। मगर कोई हमारे धार्मिक धरोहरों को समाप्त करके विकास करे, तो वैसा विकास हमें नही चाहिए। समय रहते राज्य सरकार फ्लाईओवर निर्माण कार्य कर रही एलएनटी कंपनी को तत्काल रोकने का आदेश दे। नहीं तो आदिवासी समाज चुप नही बैठेगा। कांके रोड सरना समिति के सलाहकार प्रकाश टोप्पो ने कहा कि कांके रोड सरना समिति बहुत जल्द कठहर गोंदा, मिसिर गोंदा और भिट्ठा मौजा से जनसंपर्क कर महिला शाखा का गठन करेगी। आदिवासी समाज को एकजुट करेगी। उपसचिव लखन मुंडा ने कहा कि आज आदिवासियों के पर चौतरफा हमला हो रहा है। कहीं आदिवासियों के धार्मिक, समाजिक स्थलों पर अतिक्रमण किया जा रहा है तो कहीं आदिवासियों की बहन बेटियों का शोषण किया जा रहा है।

# मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव ने सुलझाया पारिवारिक वाद, दोनों परिवार में हर्ष

संवाददाता

**रांची।** मध्यस्थता केंद्र रांची में वाद संख्या ओ.एम. 438/2024 को अधिवक्ता मध्यस्थ सुश्री ममता श्रीवास्तव एवं प्रथम पक्षम के अधिवक्ता श्री शमिम अख्तर और द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता शाहिद अंसारी के संयुक्त प्रयास से सुलझा लिया गया। यह वाद अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय-1, श्रीमति संजीता श्रीवास्तव के न्यायालय से मध्यस्थता केंद्र रांची में मध्यस्थता के लिए आया था।

उक्त वाद में अबू तालिफ अंसारी एवं मुस्कान प्रविण का विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज से 19 जून 2024 को हुआ था। वैवाहिक संबंध से एक पुत्री माहिरा प्रविण का जन्म 21 अगस्त 2022 को हुआ। दोनों पक्षों



के बीच आपसी तालमेल नहीं रहने के कारण पिछले एक वर्ष से अलग-अलग रह रहे थे। मुस्कान प्रवीण ने उपरोक्त भरण-पोषण वाद ओ.एम. 438/2024 न्यायालय में दायर किया था। मध्यस्थता के माध्यम से सुलह हो जाने के बाद दोनों पक्ष अबू तालिफ अंसारी एवं मुस्कान प्रविण अपना वैवाहिक जीवन अपनी पुत्री माहिरा प्रविण के साथ खुशी-खुशी पुनः बिताने के लिए राजी हो गये है। दोनों एक दूसरे को मान-सम्मान देंगे एवं कोई भी ऐसा कुछ नहीं करेंगे, जिससे कि ठेस पहुंचे। अबू तालिफ अंसारी अपनी पत्नी मुस्कार प्रविण को कुछ रकम हाथ में दिया करेंगे ताकि अपने बच्चों के जरूरतों को पूरा कर सके। ज्ञात हो कि उक्त को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने में अधिवक्ता मध्यस्थ सुश्री ममता श्रीवास्तव एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से गुमशुदा दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई के संबंध में अपडेट रिपोर्ट मांगी

### दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई और तेज होगी

संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनो बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना आदि के बारे में सरकार के आवेदन पर यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को सीलबंद रूप में अनुसंधानकर्ता को सौपा जाएगा। वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि केंद्र की रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई और तेज होगी। कोर्ट ने दोनों गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से अपडेट जानकारी मांगी है। वही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि उसने सीलबंद रिपोर्ट अनुसंधानकर्ता को सौंपी है या नहीं। अगली सुनवाई मार्च माह में होगी। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने यूआईडीएआई को दोनों बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित मांगे गए बॉयोमेट्रिक उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के आवेदन की आलोक में जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

दरअसल, कुलदेव साह और वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/2022 में बी हांसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## मनरेगा घोटाला मामले में कार्यपालक अभियंता ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, कोर्ट ने दी जमानत

रांची। खूंटी मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित जय किशोर चौधरी ने सोमवार को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के बॉन्ड पर जमानत दे दी। दरअसल, खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला के दौरान जय किशोर चौधरी कार्यपालक अभियंता थे। चौधरी पर मनरेगा योजना में करोड़ों रुपये के घोटाला में शामिल होने का आरोप है। ईडी ने उन्हें अपनी प्रोसिक्यूशन कंप्लेन में आरोपित बनाया था। इसके बाद से उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। इसी बीच सोमवार को उन्होंने विशेष कोर्ट में सरेंडर करदिया। इसके साथ ही चौधरी ने कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया। कोर्ट में चौधरी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने बहस की। इसके बाद विशेष कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के बॉन्ड पर जमानत दे दी। जमानत मिलने से जय किशोर चौधरी को बड़ी राहत मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### चंद्रपुरा- विष्णुगढ़ सड़क निर्माण की मांग

**बोकारो।** धनबाद जिला अंतर्गत लोहापट्टी फोरलेन से चंद्रपुरा - नावाडीह होते हुए विष्णुगढ़ (हजारीबाग) तक फोरलेन सड़क निर्माण कराने की मांग तेज होने लगी है। आजसू पार्टी नेता बीगन महतो एवं भरत महतो ने गिरिडीह सांसद से इस सड़क के निर्माण कराने की मांग की है। आजसू नेता ने कहा कि इस रोड का निर्माण होने से चंद्रपुरा एवं नावाडीह प्रखंड का चहुंमुखी विकास होगा। रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं इसका सर्वाधिक लाभ दोनों प्रखंड क्षेत्र के किसान एवं उच्च शिक्षार्जन करने वाले गरीब तबके के विद्यार्थियों को होगा। ग्रामीण इलाके की इस सड़क के निर्माण होने से जरूरतमंद लोगों को हजारीबाग आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। फिलहाल लोग चंद्रपुरा प्रखंड से नावाडीह-डुमरी-बगोदर से विष्णुगढ़ अथवा चंद्रपुरा से बेरमो-गोमिया-कोनार-विष्णुगढ़ होते हुए हजारीबाग जाते हैं। इस सड़क का निर्माण होने से इस इलाके की दूरी हजारीबाग से करीब 30 किमी कम हो जाएगी।

### बाइक द्वारा कुम्भ स्नान को गए दो युवक



**बोकारो।** बोकारो थर्मल जनता नगर निवासी तथा एसटीपी का कार्य करने वाली कंपनी भरत जी पटेल में बतौर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत अमित कुमार अपने कार्यालय के सहयोगी सन्नी सिंह के साथ अपनी अपाची बाइक से शनिवार को सुबह आठ बजे प्रयागराज के लिए निकले और रविवार को ढाई बजे प्रयागराज पहुंच स्नानादि कर प्रयागराज से चलकर सोमवार को साढ़े तीन बजे बोकारो थर्मल पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन कर ली। अमित ने 1150 किलोमीटर की आवाजाही की यात्रा बाइक से तय की।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रतिभागी हुए सम्मानित



**बोकारो।** गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 में चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पपलो के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। गायत्री परिवार ने चंद्रपुरा में कार्यक्रम आयोजित कर अव्वल प्रतिभागियों के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को प्रमाण-पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। गायत्री परिवार बोकारो के आरएन पांडेय दिलीप जायसवाल, शर्मा जी एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक श्यामदेव प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की चहुंमुखी उन्नति के लिए बच्चों में भारतीय संस्कृति ज्ञान का बोध एवं क्वालिटी एजुकेशन अति आवश्यक है।

### पूजा के साथ बेरमो थाना के शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू



**बेरमो/ बोकारो।** बेरमो थाना पुलिस द्वारा सोमवार को थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन विधिवत पूजा के साथ शुरू हुआ। यहां हरे रामा हरे रामा, हरे कृष्णा हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। पंडित रजनीकांत पांडेय, राकेश पांडेय, सूर्यकांत पांडेय, मुरारी पांडेय व ब्रहम्देव पांडेय ने मुख्य यजमान बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी कोमल सिंह से विधि विधान के साथ पूजन कराया। इसके पश्चात भजन गायक कौशल अलबेला, तुलसी दास, जवाहरलाल चंदा, झलन सिंह, शंकर, अरुण, मनसा, आदि कई गायकों की टोली के मंत्रोचार के साथ कीर्तन किया जा रहा है। मंगलवार को अखंड हरि कीर्तन के समापन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जायेगा। अखंड हरि कीर्तन को सफल बनाने में बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, थाना के एसआईं, एएसआई, बल के जवान सहित पुलिस के सभी सदस्यों का योगदान रहा। मौके पर उत्तम सिंह, श्रीकांत मिश्रा, सुशांत राइका, अनिल गुप्ता आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लग रहा शिविर, हो रहा निष्पादन

**शिविरों में जुट रही लोगों की भीड़, कर रहें आवेदन**

**विशेष राजस्व शिविर, दिव्यांगता जांच - पेंशन शिविर का मामला**

संवाददाता



**बोकारो।** उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न अंचलों के हल्का क्षेत्र में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 03 मार्च तक जारी रहेगा। इसी क्रम में सोमवार को भी जिले के सभी अंचलों के विभिन्न हल्का क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया गया। जहां खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल झ खारिज के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में भूमि संबंधित अन्य समस्याओं का भी निराकरण संबंधित अंचल के अंचलाधिकारियों द्वारा किया गया। साथ हीं अग्रतर कार्रवाई के लिए आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में काफी संख्या में आमजन शामिल हुए। वहीं, सोमवार से जिले में दिव्यांगता जांच - पेंशन शिविर का भी आयोजन शुरू हुआ। पहले दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में शिविर का आयोजन किया गया है। जहां काफी संख्या में ग्रामीण आमजनों ने पेंशन से संबंधित समस्याओं को रखा। वहीं दिव्यांगजनों ने अपनी दिव्यांगता की जांच कराई। शिविर में आम जनों का स्वास्थ्य जांच भी स्थानीय चिकित्सक एवं टीम द्वारा किया गया। शिविर में कुल 94 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया। 08 लोगों ने आयुष्मान कार्ड, 02 लोगों ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता राशि, 110 लोगों ने पेंशन आवेदन दिया एवं 332 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। मंगलवार को पेंशन/दिव्यांगता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चास में किया जाएगा।

## मजदूर समस्याओं को लेकर जमसं के प्रतिनिधियों की एएडीओसीएम प्रबंधन के साथ हुई बैठक

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल ढोरी एरिया के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना कार्यालय में सोमवार को पीओ राजीव कुमार सिंह के साथ जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में एरिया के परियोजनाओं में कार्यरत मजदूरों की सुख सुविधा, बिजली, पानी, सुरक्षा, स्वच्छता, क्वार्टर मरम्मती आदि मुद्दे को लेकर चर्चा की गई। यूनियन के ढोरी एरिया अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय ने कहा कि ढोरी क्षेत्र में सीसीएल पेयजल व स्वच्छता पर प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये खर्च करती है। परंतु समस्या अब भी बरकरार है। अधिकतर कोयला मजदूर पेयजल, बिजली, जर्जर आवास, गंदगी की समस्या से त्रस्त हैं। ढोरी सचिव विकास कुमार सिंह ने कहा कि मजदूरों के बदौलत ही ढोरी एरिया उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर मुनाफा अर्जित करता है। इसके बावजूद ढोरी एरिया के अमलो परियोजना में कार्यरत मजदूरों को शुद्ध पेयजल, शौचालय, सुरक्षा आदि की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जबकि कामगार राष्ट्रीय कार्यों के लिए रात दिन परिश्रम कर रहे हैं। कहा कि प्रबंधन मजदूरों की समस्याओं के निदान की दिशा में जल्द पहल करे। अन्यथा जनता मजदूर संघ आंदोलन करने को विवश होगा। पीओ श्री सिंह ने कहा कि मजदूर कंपनी के अंग हैं। उनकी सुविधा में कोई भी कमी नहीं होने दिया जायेगा। यूनियन द्वारा मजदूरों से जुड़ी जो भी समस्याओं से अवगत कराया गया है उस पर जल्द पहल किया जायेगा। कहा कि चालू वित्तीय वर्ष कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूनियन सकारात्मक सहयोग करें। कोयला उत्पादन पर ही एरिया का भविष्य निर्भर है। मौके पर नवीन कुमार श्रीवास्तव, आशीष झा, मुकेश कुमार सिंह, चंद्रभान सिंह, पवन पांडेय, जयशंकर उपाध्याय आदि मौजूद थे।

**जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर डीआरडीए निदेशक ने की सुनवाई**

## प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया निर्देश



संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 15 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई की। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया।

जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, बीएसएल, कार्यपालक अभियंता विधुत, गृह रक्षक कमांडेंट, राजस्व, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अंचलाधिकारी नावाडीह आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो० मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## बोकारो के चंद्रपुरा में राज्य स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर एक को



संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन बोकारो एवं डालसा द्वारा आगामी 01 मार्च 2025 को जिले के चंद्रपुरा स्थित डीवीसी प्लस टू हाई स्कूल मैदान में राज्य स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन होगा। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका ने शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मनी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित जिले के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।।बैठक में निदेशक डीआरडीए ने शिविर में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। इसके लिए अपने - अपने कार्यों दायित्वों को ससमय निष्पादन करने एवं लाभुकों की विवरणी तैयार कर समर्पित करने को कहा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, क्रमवार मंच, लाभुकों को लाने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

# पथुरिया हाई स्कूल 1981 सत्र के छात्रों ने मिलन समारोह का किया आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड के पथुरिया हाई स्कूल के 1981 सत्र के उतीर्ण पूर्ववर्ती छात्रों ने गरगा डैम में एक वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन कर एकजुट होकर अपनी पुराने यादों को आपस में साझा किया। मिलन समारोह में सभी सहपाठियों ने आपस में हर वर्ष एक समारोह का आयोजन कर कम से कम एक दिन सभी ने मिलकर अपने जीवन के अनुभवों को साझा करने का निर्णय लिया। इस दौरान उत्पल कुमार मुखर्जी ने भावुक होकर अपने सहपाठियों को 44 वर्ष के उपरांत उक्त कार्यक्रम का आयोजन करने पर बधाई देते हुए सहपाठियों का आभार जताया। मिलन समारोह का नेतृत्व कर रहे सर्वेश्वर कुमार साहू ने स्कूल के दिनों की यादों को साझा कर कहा कि पथुरिया हाई स्कूल की बेहतर शैक्षणिक परंपरा का यह प्रभाव है कि लगभग 44 साल के बाद 16 की उम्र के सहपाठी आज 60 की उम्र में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए जमा हुए हैं। यह ईश्वर की कृपा से ही आज संभव हो पाया है। उन्होंने इस मुलाकात के सिलसिले को निरंतर जारी रखने की बात कही। मौके पर परमेश्वर महतो, शिवचरण महतो, तारकेश्वर महतो, अंबिका प्रसाद महतो, भुलेश्वर महतो, हिमांशु कुमार महतो, रूप लाल सिंह, प्रमोद कुमार महतो, अश्वनी कुमार महतो, केशव कुमार महतो सहित उक्त बैच के सभी उपस्थित सहपाठियों ने वनभोज सह मिलन समारोह में शिरकत की एवं अपनी पुरानी यादों को ताजा किया।

## दीपक पाठक ने पास की यूजीसी नेट की परीक्षा, बेरमो में खुशी का माहौल

**बेरमो/ बोकारो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र स्थित ढोरी स्टाफ क्वार्टर निवासी स्व० ललन पाठक एवं बसंती देवी के सुपुत्र दीपक कुमार पाठक ने यूजीसी नेट परीक्षा दूसरी बार उत्तीर्ण कर बेरमो कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद परिजनों के साथ ही साथ क्षेत्रीय लोगों में काफी खुशी है। छोटे भाई पंडित उज्ज्वल पाठक ने बताया कि दीपक कुमार पाठक ने दिसंबर 2024 की यूजीसी नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण की है। इन्होंने फरवरी 2022 मे भी यूजीसी नेट उत्तीर्ण किया था।दीपक कुमार पाठक ने एम कॉम की पढ़ाई विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से की है। दीपक कुमार पाठक के यूजीसी नेट, असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता परीक्षा पास करने के बाद क्षेत्रीय लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।**



**डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरुकता कार्यशाला आयोजित**

# निवेश सहित वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुए शिक्षक

संवाददाता



**बोकारो।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक विकास लाने में युवा पीढ़ी की जागरूकता के निमित्त शिक्षाविदों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के भास्कर वर्मा (प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट) और जेके सिन्हा (वित्तीय सलाहकार) ने सभी को वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य के लिए धनराशि के समुचित प्रबंधन की जानकारी दी।।विशेषज्ञों ने सुरक्षित भविष्य के लिए वर्तमान परिदृश्य में व्यवस्थित निवेश पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक वित्तीय योजना और लेन-देन, स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, बीमा, निवेश और बैंकिंग के कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने कहा कि निवेश किया गया आपका पैसा वास्तव में आपके लिए काम करता है और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है। उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को उन्होंने बचत की महत्ता, इसके फायदे, समय के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव, महंगाई के विभिन्न कारकों, पैसिव इनकम, लिक्विडिटी, शेयर मार्केटिंग आदि पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के साथ ही इस इंटरैक्टिव सेशन का समापन हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने वित्तीय मामलों की अद्यतन जानकारी की दिशा में उक्त कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों में शुरू से ही वित्तीय साक्षरता को लेकर बल दिया तथा कार्यशाला में शामिल शिक्षकों से अपने ज्ञानार्जन से छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का आह्वान भी किया।

## चोरी के पांच मोबाइल सहित एक चोर पुलिस के हवाले

**मोबाइल चोर गोमिया थाना के पिपराडीह निवासी लोकनाथ सिंह का पुत्र मोहित सिंह है**

संवाददाता

**बोकारो।** चोरी के पांच मोबाइल सहित एक चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना सोमवार की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत कंजकिरो शिशुटोला निवासी एक युवक ने गोमिया थाना अंतर्गत पिपराडीह स्थित सीसीएल कॉलोनी निवासी एक युवक से तीन माह पूर्व एक विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल खरीदा था। बाद में उक्त युवक को उसी मोबाइल पर रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू थाना की पुलिस ने फोन कर कहा कि जिस मोबाइल का प्रयोग वह कर रहा है, वह पतरातू से चोरी हुआ है और उस मोबाइल को वह स्थानीय थाना में जाकर जमा कर दे। साथ ही, उक्त युवक को पुलिस ने चोरी में संलिप्त युवक को पकड़वाने में सहयोग करने को कहा। उक्त युवक चोरी का मोबाइल पेंक नारायणपुर थाना में जमा करने गया तो थाना प्रभारी ने मोबाइल जमा लेने से इंकार कर दिया। सोमवार को उक्त युवक ने चोरी का मोबाइल बेचने वाले चोर को फोन कर एक और मोबाइल खरीदने की बात कही। मोबाइल चोर ने उसे गोमिया थाना अंतर्गत डीएवी स्वांग के समीप बुलाया। बाद में उक्त युवक कंजकिरो के पूर्व पंसस राम लखन महतो सहित अन्य युवकों को लेकर डीएवी स्वांग के समीप पहुंचे, जहां मोबाइल चोर पांच मोबाइल लेकर पहुंचा। राम लखन महतो सहित सभी युवकों ने मोबाइल चोर सहित सभी चोरी के मोबाइल को लेकर बोकारो थर्मल थाना पहुंच, थाना के अनि अजीत कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार को सुपुर्द कर दिया। पकड़ा गया मोबाइल चोर गोमिया थाना के पिपराडीह निवासी लोकनाथ सिंह का पुत्र मोहित सिंह है। मोहित सिंह ने थाना में बताया कि उसका बड़ा भाई प्रयागराज में है और वहां से मोबाइल चोरी कर गोमिया उन लोगों के पास भेजता है। स्थानीय थाना से पतरातू पुलिस को पकड़े गये चोर एवं जब्त किए गए मोबाइल की सूचना दी गई। सूचना पर पतरातू पुलिस बोकारो थर्मल पहुंच, पकड़े गए मोबाइल एवं चोर को अपने साथ ले गई।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 25 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### जवाहर घाट तिलैया डैम से अज्ञात शव बरामद



**कोडरमा।** जिला के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाट तिलैया डैम से चंदवारा थाने की स्थानीय पुलिस ने अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। मृतक युवक की उम्र करीब 25 वर्ष के आसपास है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने पानी में शव को उपलाता हुआ देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिये कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। वही अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई हैं।

### जितेंद्र कुमार के निधन पर सिंदरी में शोक की लहर



**सिंदरी।** सिंदरी एनएसी मार्केट, शहरपुरा के व्यापारी चेंबर सदस्य जितेंद्र कुमार का रविवार तड़के 3:30 बजे उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे और लंबे समय से लीवर की बीमारी से पीड़ित थे।।बाजार में उनकी दुकान पुष्पांजलि पूजा भंडार शॉप नंबर 147 के नाम से जानी जाती है, जिसे अब उनके पुत्र भीष्म भारतीय राय चला रहे हैं। जितेंद्र कुमार का यह प्रतिष्ठान वर्षों पुराना है। उनके निधन की खबर से पूरे बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। वे मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के व्यवसायी थे। सिंदरी चेंबर के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, दिनेश सिंह, राकेश सोनी, कृष्ण अग्रवाल, सीमित सिंह, दीपक दे, बासुकी नाथ सिंह, उमाशंकर, प्रभु जी, भरत गोसाई, ओमियो मंडल, मोहम्मद रियाज, गोवर्धन दे, भारत प्रसाद, उस्मान, मदन मंडल, तारणि दत्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल थे।

### गणपति धाम में माता जागरण, झूमे श्रद्धालु



**बेरमो।** गणपति धाम ढोरी बस्ती में संपन्न हुए 33 वां वार्षिक गणेश मेला एवं श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ के उपलक्ष्य पर रविवार को माता जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बोकारो और बेरमो के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को देर रात तक खूब झुमाया। यहां भजन गायक खुशी, अनीता और जयप्रकाश सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब नचाया। यहां पुरुष और महिला कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ माता का जागरण शुरू किया। इसके बाद गणपति आयो..., चलो बुलावा आया है भगवान गणेश ने बुलाया है..., भारत का बच्चा बच्चा जय श्रीराम बोलेगा..., राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी.., चलेगी छोड़ी मेला हुवे खिलौनों..., आदि अनेकों भजन गाकर श्रद्धालुओं को खूब रिझाया। गणपति धाम धोरी बस्ती में संपन्न हुए यज्ञ एवं गणेश मेला संपन्न होने पर प्रशासन , पुलिस प्रशासन, ग्रामीणों, नगरवासियों, क्षेत्रवासियों, सीसीएल अधिकारियों, व्यवसाईयों सहित तमाम लोगों को यज्ञ समिति के अध्यक्ष गिरिराज गिरि, सचिव चंद्रिका विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष यमुना महतो, उपसचिव कालमोहन महतो, मेला प्रभारी रवि गिरि, कोषाध्यक्ष राजेश महतो, दीपक गिरि, सोनू कुमार महतो विशाल गिरी विपिन कुमार महतो, विक्की गिरि ने सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद बिलासी देवी यज्ञ आचार्य हीरालाल शास्त्री ने शांतिपूर्वक यज्ञ संपन्न कराने के लिए क्षेत्रवासियों को धन्यवाद दिया।

# 27 फरवरी को चतरा में लगेगा रोजगार मेला, युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

संवाददाता



**चतरा।** चतरा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए खुशखबरी है। जिले में 27 फरवरी को रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया जा रहा है, जहां युवाओं को रोजगार के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। इस मेले का आयोजन डीआरडीए प्रशिक्षण भवन, सिविल कोर्ट चतरा के समीप किया जाएगा। रोजगार मेला को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। सोमवार को बीडीओ साकेत कुमार सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस मेले की जानकारी पहुंचे। इस अभियान का नेतृत्व खरछढर कुंदा द्वारा किया गया। बीडीओ ने अपील करते हुए कहा कि बेरोजगार युवक-युवतियां इस अवसर का लाभ उठाएं और रोजगार मेला में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने जीवन में एक नई दिशा प्राप्त कर सकें। रोजगार मेला में भाग लेने वाले युवाओं को कुछ आवश्यक दस्तावेजों को साथ लाना अनिवार्य होगा। इसमें आधार कार्ड, उच्चतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति शामिल है। इन दस्तावेजों के बिना पंजीकरण संभव नहीं होगा, इसलिए सभी युवाओं को तैयारी के साथ आने की अपील की गई है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे, जिनमें मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, बीपीएम सतेंद्र कुमार, आईपीआरपी नीतीश कुमार और सीसी तनु कुमारी शामिल हैं।यह रोजगार मेला युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, जहां वे अपनी योग्यताओं के आधार पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं, तो इस मेले का हिस्सा बनें और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर प्राप्त करें।

## झामुमो का 52 वां स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा, देवरी से 5000 कार्यकर्ता लेंगे भाग



संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 52 वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर देवरी प्रखंड में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देवरी के पर्यवेक्षक झामुमो नेता कृष्ण मुरारी शर्मा ने प्रखंड को चार जोन में विभाजित कर प्रत्येक जोन के लिए प्रभारी नियुक्त किए। इस बैठक का उद्देश्य स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने और अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जमुआ विधानसभा के पूर्व विधायक केदार हाजरा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस बार का स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा और देवरी से 5000 कार्यकर्ता स्थापना दिवस में भाग लेने गिरिडीह जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं। बैठक में प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन, बैनर-पोस्टर लगाने और हर पंचायत में न्यौता देने की रणनीति बनाई गई। बैठक में विभिन्न पंचायतों के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया और स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

## अस्पतालों में मौत के बाद माले ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन



संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के कोड़ाडीह राजधनवार और बरमसिया डोकानिया स्थित अस्पतालों में हुई मौतों को लेकर माले नेता राजेश सिन्हा ने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपते हुए इन अस्पतालों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में कुछ गैर-जिम्मेदार अस्पतालों की लापरवाही के कारण पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बदनाम हो रही है। दोषियों की पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए और दोषी अस्पतालों को हमेशा के लिए बंद कर देना चाहिए। राजेश सिन्हा ने कहा कि कोड़ाडीह अस्पताल के मालिक किसी राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं, जिसके कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब इस अस्पताल में इस तरह की लापरवाही हुई हो, बल्कि पहले भी यहां ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। सिविल सर्जन शिव प्रसाद मिश्रा ने कहा कि दोनों अस्पतालों पर पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है और जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक ये अस्पताल बंद रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गिरिडीह में जहां भी इस तरह की गड़बड़ियां होंगी, उन्हें संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी। राजेश सिन्हा ने चेतावनी दी कि यदि राजनीतिक दबाव के कारण दोषियों को बचाने की कोशिश की गई, तो माले चुप नहीं बैठेगा और दोषियों को सामने लाने के लिए आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान माले नेता नौशाद आलम भी उपस्थित रहे और उन्होंने चैताडीह सदर अस्पताल की गड़बड़ियों पर भी ध्यान देने की मांग की।

## सिमरिया में किशोरियों को मिला नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण

**सिमरिया।** सिमरिया में लोक प्रेरणा केंद्र और डिग्निटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किशोरियों के लिए दो दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का विषय ₹नेतृत्व विकास एवं व्यक्तित्व विकास₹ था, जिसमें सिमरिया और आसपास के 12 गांवों की 36 लीडर किशोरियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें नेतृत्व के योग्य बनाना था, ताकि वे अपने समाज और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें। प्रशिक्षण के दौरान संस्था की सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि हमारे समाज में कई किशोरियां प्रतिभाशाली होती हैं, लेकिन उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, ताकि किशोरियां अपनी छिपी हुई क्षमताओं को पहचान सकें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़ सकें।

## गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक




संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में एक विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की शिक्षा, उनके रहन-सहन और नैतिक मूल्यों के विकास पर गहन चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक गण और बड़ी संख्या में गार्जियंस उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि अब यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध होगा और नर्सरी से 10 वीं तक की पढ़ाई यहां कराई जाएगी। इस निर्णय से अभिभावकों में खुशी की लहर देखी गई, क्योंकि इससे उनके बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि उनके बच्चे यहां न सिर्फ शिक्षा में बल्कि नैतिकता और संस्कारों में भी आगे बढ़ रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस बैठक के माध्यम से बच्चों के शैक्षणिक और नैतिक विकास को और मजबूत करने के लिए एक प्रभावी योजना बनाई।विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ बच्चों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाना भी है। शिक्षा के साथ नैतिकता और अनुशासन बहुत जरूरी हैं, और इसके लिए अभिभावकों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर बच्चों के लिए एक प्रभावी विकास योजना तैयार की, जिसमें जीवन मूल्यों, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## परसबनिया पंचायत में छह बेड के अस्पताल की मांग

**सिंदरी।** परसबनिया पंचायत में अस्पताल न होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समय पर इलाज न मिलने के कारण लोगों की जान तक चली जाती है। पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो ने कहा कि छह बेड के अस्पताल निर्माण की मांग बहुत पुरानी है। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बलियापुर को पत्राचार कर परसबनिया पंचायत में अस्पताल निर्माण के लिए जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का आग्रह किया है।उन्होंने कहा कि इससे आसपास के सभी पंचायतों को लाभ मिलेगा और लोगों को चिकित्सा सुविधा आसानी से मिल सकेगी। परसबनिया पंचायत से बलियापुर स्वास्थ्य केंद्र और एसएसएनएमसीएच धनबाद की दूरी भी काफी अधिक है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करना मुश्किल होता है। इस मौके पर समाजसेवी सपन महतो भी उपस्थित थे।

# एनसीओईए ढोरी क्षेत्र का मिलन समारोह

संवाददाता



**बेरमो।** एनसीओईए ढोरी क्षेत्र का मिलन समारोह सह जीबी बैठक सोमवार को कल्याणी स्थित रेस्ट हाऊस में हुई। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कॉ० चंद्रशेखर महतो ने की। सचिव रिपोर्ट एवं सभा संचालन क्षेत्रीय सचिव का. गोवर्धन रविदास ने किया। सभा में मुख्य वक्ता के रुप में सीटू के जिला कार्यकारी अध्यक्ष का० भागीरथ शर्मा, यूनियन के केन्द्रीय सचिव सह ढोरी क्षेत्र प्रभारी का० विजय कुमार भोई, केंद्रीय उपाध्यक्ष का० श्यामबिहार सिंह दिनकर एवं बी एंड के क्षेत्र अध्यक्ष का० मनोज पासवान उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि एनसीओईए, सीटू का सीसीएल और सीएमपीडीआई में बहुत बड़ा जनाधार है। प्रबंधन एवम सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का जमकर विरोध करती है तथा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती है। केन्द्र सरकार चार लेबर कोड लाकर मजदूरों को गुलाम बनाना चाहती है। देशी विदेशी पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए एमडीओ और रेवेन्यू शेयरिंग के जरिए कोयला खदान को प्राइवेट हाथों में देना चाहती है। कहा कि कुछ यूनियन नेता जो ठेकेदारी में लिप्त हो कर करोड़ों अरबों की कमाई कर रहे हैं। वे पिछले दरवाजे से प्रैविटेशन का समर्थन कर रहे हैं। सीटू ऐसे लोगों और सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करती है। नेताओं ने कहा कि सीटू मजबूत होगा तो मजदूर मजबूत होंगे। कहा कि प्रबंधन यदि मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं करता है तो ढोरी एरिया में जोरदार प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा। आज के इस कार्यक्रम में एएडीओसीएम के विश्वनाथ घासी, शैलेश कुमार, जितेंद्र घासी, दरोगी, राजकुमार, सूरज,विकाश कुमार,नकुल रविदास, प्रदीप महतो, सिकंदर भुइयां, रामनाथ मुर्मू, कैलाश महतो, मनोज महतो एसडीओसीएम से इंद्रदेव महतो सहित कई मजदूरों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण किया।

कार्यक्रम मे चन्द्रशेखर महतो, गोवर्धन रविदास, करमचंद बाउरी, मनसुख कालिंदी, जयदेव गोप, फूलचंद रविदास, मनोज शर्मा, बंशी रजवार, सिकन्दर भुइयां, लोकेश जी, मनोज कुमार, रामनाथ मुर्मू सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## बेलगाम हाइवा का कहर जारी, युवक की दर्दनाक मौत से ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता



**टंडवा।** टंडवा में बेलगाम हाइवा वाहनों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है और इसी का खामियाजा एक और निर्दोष युवक को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ा। टंडवा-केरेडारी सीमा पर बुकरू मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कोयला लदे हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से मुआवजे की मांग के साथ-साथ बेलगाम कोयला वाहनों पर सख्त नियंत्रण लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि नो-एंट्री खुलने के बाद कोयला लदे वाहन बेकाबू हो जाते हैं और चालक अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस लापरवाही के कारण कई निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

# रुद्रा फाउंडेशन और सशस्त्र सीमा बल के सहयोग से महिलाओं को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

संवाददाता




**गिरिडीह।** जिले के तीसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के तिसरो गाँव में रुद्रा फाउंडेशन और सशस्त्र सीमा बल की 35 वीं बटालियन के सहयोग से नागरिक कल्याण कार्यक्रम सी ए पी 2024-25 के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 15 दिवसीय मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरूआत बटालियन के इंस्पेक्टर रमेश सिंह जाडेजा और रुद्रा फाउंडेशन के सचिव सैयद सबिह अशरफ ने संयुक्त रूप से की।

इस अवसर पर इंस्पेक्टर रमेश सिंह जाडेजा ने बताया कि महिलाएं इस प्रशिक्षण के जरिए कम लागत में घर से ही मशरूम उत्पादन कर सकती हैं और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उत्पादन विशेषज्ञ रवि कुमार ने महिलाओं को मशरूम की विभिन्न प्रजातियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि विभिन्न मौसमों के अनुसार कौन-सी प्रजातियां अधिक उपयुक्त होती हैं और उन्हें उगाने की वैज्ञानिक पद्धति क्या है। इसके अलावा, प्रशिक्षण के दौरान मशरूम के विपणन की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई ताकि महिलाएं इसे बड़े स्तर पर बेचकर अधिक लाभ कमा सकें।

रुद्रा फाउंडेशन के सचिव सैयद सबिह अशरफ ने बताया कि मशरूम का उपयोग कई प्रकार के व्यंजनों जैसे सूप, सब्जी, बिरयानी और आचार बनाने में किया जाता है। इसके अलावा, इसे सोलर ड्रायर की मदद से सुखाकर भी उपयोग में लाया जा सकता है, जिससे इसका भंडारण और बिक्री दोनों ही आसान हो जाते हैं। उन्होंने महिलाओं को यह भी बताया कि मशरूम उत्पादन में कम लागत आती है, लेकिन अगर सही तरीके से विपणन किया जाए तो इससे अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। केंद्र सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनके तहत किसानों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तिसरो गाँव की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण अवसर माना।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

संवाददाता




**बलियापुर।** बलियापुर पूर्वी पंचायत के नीचे टोला में रविवार को जोहार झारखंड फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला। शिविर का विधिवत उद्घाटन उप प्रमुख आशा देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आजकल बच्चों और बुजुर्गों में आंखों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। बच्चों में मोबाइल के अधिक उपयोग से दृष्टिदोष हो रहा है, जबकि बुजुर्गों में मोतियाबिंद और अन्य समस्याएं देखी जा रही हैं। ग्रामीणों को शहर जाकर आंखों की जांच कराना कठिन होता है, इसलिए गांवों में इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में सभी गांवों और पंचायतों में ऐसे शिविर आयोजित कर असहाय और गरीब लोगों की सहायता की जाएगी। इस शिविर में कुल 55 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 6 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इन मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन केयर नेत्रालय और नयनदीप अस्पताल में किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में मुकुल चंद्र रोहिदास, स्वपन कुमार महतो, गंभीर दास, हीरालाल पाल, मनोज कुमार महतो, विश्वजीत महतो, राजन रजवार सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# श्रीमद्भागवत कथा से जीवन तृप्त होता है : लक्ष्मी देवी

संवाददाता



**धनबाद।** भूली डी ब्लॉक स्थित बाबा दुःख हरेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर नारी शक्ति जन सुविधा केंद्र की केंद्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने भाग लिया। उन्होंने उपेंद्र कृष्ण परासर जी महाराज का आशीर्वाद लिया और आयोजन समिति को सहयोग राशि भेंट की। लक्ष्मी देवी ने इस अवसर पर कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जीवन तृप्त होता है।

इसके सार को समझने और उसे अपने जीवन में उतारने से जीवन में आने वाले संघर्षों का अंत होता है और सत्य की स्थापना होती है। यह कथा आत्मशुद्धि और मानसिक शांति का माध्यम है। इससे व्यक्ति के जीवन में उत्साह और नव ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि कथा का श्रवण करना, प्रभु का स्मरण करना और गुरु का सानिध्य प्राप्त करना सबसे सुखद अनुभव होता है।

भागवत कथा जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने का मार्ग प्रशस्त करती है और व्यक्ति को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। श्री उपेंद्र कृष्ण परासर जी महाराज के मुखारविंद से कथा सुनना एक दिव्य अनुभव रहा।

प्रवचन के दौरान स्त्री धर्म पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। महाराज जी ने बताया कि नारी का जीवन केवल एक परिवार तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह संपूर्ण समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्त्री धर्म के महत्व को समझाते हुए बताया कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे समर्पण भाव से करना चाहिए। इस भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई। आयोजन समिति ने कथा की सफलता के लिए अथक प्रयास किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष जूही शर्मा, सचिव गणेश झा, संदीप कुमार समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## गुहीबांध तालाब के जीर्णोद्धार की मांग

**कतरास।** कतरास के वार्ड संख्या 3 अंतर्गत गुहीबांध तालाब की जर्जर हालत को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल ने सहायक नगर आयुक्त को पत्र लिखकर तालाब के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार की मांग की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल संकट से बचाव के लिए तालाब की सफाई और पुनरुद्धार बेहद जरूरी है, ताकि स्थानीय लोगों को पर्याप्त जल आपूर्ति मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने तालाब के चारों ओर उचित प्रकाश व्यवस्था और पैदल पथ के निर्माण की भी मांग की, जिससे आसपास के लोग सुबह-शाम टहलने और जॉगिंग जैसी गतिविधियों में भाग ले सकें।

# माहे रमजान से पहले ग्रामीणों को मिला पानी, खुशी से झूमे लोग, पूर्व मुखिया का प्रयास रंग लाया

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के अलीमोहल्ला में वर्षों से जल संकट झेल रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिली। पूर्व मुखिया मोहम्मद सनोवर के प्रयासों और इसीएल मुगमा एरिया के सहयोग से रविवार को गांव में जलापूर्ति शुरू कर दी गई। जैसे ही पानी की धार बही, ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। खुशी का आलम यह था कि कई युवकों ने खुद को रोक नहीं पाया और वे पानी के नीचे स्नान करने लगे। महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया, क्योंकि अब उन्हें दूर-दराज से पानी लाने की परेशानी से मुक्ति मिल गई है। गांव की सोनी खातून,



शबनम खातून और मोहम्मद बिल्लू ने कहा कि रमजान से पहले पानी की सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिली है। पहले उन्हें पीने और रोजमर्रा के कामों के लिए काफी दूर जाकर पानी लाना पड़ता था, जिससे नहाने, कपड़े धोने और अन्य दैनिक कार्यों में भारी दिक्कत होती थी। लेकिन अब राजपुरा खदान से जलापूर्ति शुरू होने के बाद यह समस्या हल हो गई है। पूर्व मुखिया मोहम्मद सनोवर ने बताया कि इसीएल मुगमा एरिया के महाप्रबंधक एवं निजी मद से 280 फीट पाइपलाइन का विस्तार किया गया है, जिससे जलापूर्ति संभव हो सकी। उन्होंने आश्वासन दिया कि रमजान के बाद और 200 फीट पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे जल आपूर्ति को और अधिक सुचारू किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द निरसा विधायक अरुप चटर्जी के सहयोग से अलीमोहल्ला और रहमत नगर में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आम आदमी पार्टी की बैठक डिगवाडीह के मदन राम के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई



**धनबाद।** सोमवार को आम आदमी पार्टी की बैठक झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह मदन राम के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आदित्य नारायण व संचालन महफूज आलम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह थे। बैठक में धनबाद नगर निगम क्षेत्र में हर घर जल हर घर नल योजना के तहत देश के अंतिम व्यक्ति के घर तक पेयजल उपलब्ध कराना केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की एक बहुत बड़ी विफलता है। सरकार की विफलता को आईना दिखाने का काम आम आदमी पार्टी चरणबद्ध आंदोलन कर, सभी के घरों में जल की व्यवस्था करने का काम करेगी। बैठक में मुख्य रूप से मदन राम, महेंद्र सिंह, समरेंद्र पासवान, सदरे आलम, महफूज आलम, मनीष कुमार, आदित्य नारायण, बादशाह खान, हरि प्रसाद, जसीम अंसारी, शमशाद, मुन्ना अंसारी, अजय पासवान, तारक बनर्जी, राजेश सरकार, डब्लू अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल मैथन में धूमधाम से मनाया गया 74वां स्थापना दिवस




**कुमारधुबी।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, मैथन में 74 वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आईपी, पत्रकार, डॉक्टर, नर्स और अस्पताल के अन्य कर्मियों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अस्पताल के अधीक्षक डॉ० अशोक कुमार ने बताया कि 26 फरवरी से 10 मार्च तक यह स्थापना समारोह ₹पखवाड़ा उत्सव₹ के रूप में मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत चिरकुंडा स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में विशेष कार्यक्रम के साथ की गई। इस अवसर पर एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें सफाई अभियान, सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार, स्वास्थ्य वार्ता और अन्य गतिविधियां शामिल थीं। डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि अस्पताल का मुख्य उद्देश्य रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना और उन्हें जागरूक बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में अस्पताल में नई-नई चिकित्सा सुविधाओं को जोड़ा जाएगा ताकि मरीजों को सर्वोत्तम सेवाएं मिल सकें। कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ० अशोक कुमार, डॉ० सुनील कुमार, डॉ० रोहित आशीष नाग, डॉ० रियान पासा, संदीप तड़का, डॉ० स्नेहा, डॉ० रितिका, डॉ० अनुषा प्रतिमा बाग, तुली गोस्वामी, चेतन, ममता कुमारी, विमल कुमार, अजय लहरी, शबा तरनम, राम बहादुर, योगेश, अमित, पिंकी, रीना सहित कई अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खरखरी चानक में हिलटॉप कंपनी चाइनीज मशीन से करेगी उत्पादन



**धनबाद।** बीसीसीएल के खरखरी कोलियरी क्षेत्र में हिलटॉप कंपनी जल्द ही चाइनीज मशीनों की मदद से कोयले का उत्पादन शुरू करने वाली है। इस परियोजना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हिलटॉप कंपनी के प्रबंधन के साथ चीन से आई चार सदस्यीय टीम और बीसीसीएल के अधिकारी खरखरी चानक पहुंचे। उन्होंने खनन कार्य के लिए उपयोग में लाई जाने वाली मशीनों का निरीक्षण किया और परियोजना स्थल का गहन अध्ययन किया। चीन की टीम ने खरखरी कोलियरी में मशीनों से उत्पादन प्रक्रिया को लेकर नक्शे का अवलोकन किया और खनन क्षेत्र में किस प्रकार की मशीनों का उपयोग किया जाएगा, इस पर चर्चा की। इस निरीक्षण दल का नेतृत्व डीओ जिन्हुआ कर रहे थे। उनके साथ हिलटॉप कंपनी के जीएम एस मुखोपाध्याय, महेशपुर पीओ विजय कुमार, धनश्याम यादव, उमेश पासवान सहित कई अधिकारी एवं कंपनी के कर्मचारी मौजूद थे। यह परियोजना बीसीसीएल के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इससे कोयला उत्पादन में तेजी आने की संभावना है। स्थानीय लोगों की भी इस परियोजना पर नजर बनी हुई है, क्योंकि इससे रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हो सकते हैं।

# सेवानिवृत व मृत कर्मियों को मामले का प्राथमिकता के आधार पर करें निष्पादित : उपायुक्त

संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न संवर्ग के सरकारी सेवकों पर की गई विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त कर्यालय, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अपर समाहर्ता, एडीएम सप्लाई, डीआरडीए, अनुमंडल कार्यालय व एलआरडीसी कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा की।समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने सेवानिवृत एवं मृत कर्मियों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले



लंबित रहने से कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने में कठिनाई होती है। वहीं माननीय न्यायालय में लंबित मामलों पर सरकारी अधिवक्ता से अद्यतन रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया। वहीं मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सतर्क रहने, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करने, सीसीटीवी कैमरे की जांच करने, अधिकृत व्यक्ति को ही परीक्षा केंद्र में प्रश्नपत्र ले जाने देने सहित झारखंड अधिविद्य परिषद् के नियमों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएलओ राम नारायण खलको, विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, स्थापना शाखा के कार्यालय अधीक्षक शांतनु सरकार, सचिन कुमार रज व रितेश मंडल के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# निरसा क्षेत्र में जर्जर तार और पोल की समस्या



संवाददाता

**कुमारधुबी।** निरसा क्षेत्र में जर्जर तार और पोल की समस्या से परेशान ग्रामीणों की आवाज उठाते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास ने विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताते हुए बताया कि पुराने और जर्जर तारों एवं खंभों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।परेश चंद्र दास ने कहा कि जर्जर तारों की वजह से बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होती है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा, बारिश और तेज हवा में तारों के टूटने और पोल गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मनोज कुमार निराला ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द क्षेत्र में जर्जर तार और पोल को बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही समाधान किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के दुलुमडीह-चकपलैया गांव में रविवार को नवविवाहिता पानमुनी कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पानमुनी की उम्र मात्र 24 वर्ष थी और उसकी शादी छह महीने पहले प्रेमनाथ मुर्मू से हुई थी। बताया जा रहा है कि उसने जहर खा लिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले जोबरदाहा-पूर्वी टुंडी से चकपलैया गांव पहुंचे और वहां जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पानमुनी को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता था और उसे जहर देकर मार दिया गया। इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। दोनों ओर से जमकर हाथापाई हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रेमनाथ मुर्मू ने भी आरोप लगाया कि उसकी ससुराल वालों ने उसके परिवार पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया।

# महेशपुर कोलियरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल महेशपुर कोलियरी प्रबंधन ने कोलियरी क्षेत्र के आसपास श्रमिक आवासों और अवैध रूप से बसे सात सौ से अधिक लोगों को नोटिस देकर जल्द से जल्द जगह खाली करने का आदेश दिया है। इस फरमान के खिलाफ स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए हैं और सोमवार को सैकड़ों लोगों ने महेशपुर कोलियरी खदान के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

बीसीसीएल प्रबंधन के अनुसार महेशपुर में ओपन कास्ट प्रोजेक्ट फिर से शुरू होने वाला है, इसलिए यह क्षेत्र जल्द ही खाली कराया जाएगा। नोटिस जारी होते ही महेशपुर के राजधानी क्वार्टर,



महेशपुर श्रमिक आवास, महेशपुर न्यू क्वार्टर, सिनीडीह नदी किनारे क्वार्टर, महेशपुर बत्ती घर आवास, 75 क्वार्टर और सिनीडीह श्रमिक आवास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे वर्षों से यहां बसे हुए हैं और अचानक से उनके घर खाली करने का आदेश देना अन्यायपूर्ण है। बीसीसीएल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि जमीन खाली करने के आदेश का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विरोध प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# जनता श्रमिक संघ का मिलन समारोह संपन्न

संवाददाता

**धनबाद।** झरिया के लोदना श्रमिक कल्याण स्थित कार्यालय में जनता श्रमिक संघ का मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें झरिया विधायक सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों को छोड़कर सैकड़ों मजदूर भाई-बहनों ने जनता श्रमिक संघ की सदस्यता ग्रहण की। विधायक रागिनी सिंह ने सभी को माला पहनाकर संघ में स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद 6 नंबर एवं 9 नंबर साइडिंग के मजदूरों का कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित मामला सुलझा लिया गया है। वर्षों से लंबित इस मुद्दे को जनता श्रमिक संघ की मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण हल किया गया है। अब साइडिंग के 242 मजदूरों का पीएफ वर्ष 2024 तक अपडेट कर दिया गया है और उनके खाते में राशि भी जमा कर दी गई है। इसके साथ ही मजदूरों को उनके पीएफ खाते भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि जनता श्रमिक संघ ने हमेशा मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करता रहेगा। विस्थापन की समस्या को लेकर मजदूरों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। जब तक उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक किसी को भी कहीं जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। पानी की समस्या का समाधान किया जाएगा और मजदूरों की अन्य परेशानियों का भी जल्द निवारण होगा। इस कार्यक्रम में मजदूरों के चेहरे पर संतोष और खुशी की झलक दिखाई दी। उन्होंने जनता श्रमिक संघ के नेतृत्व को धन्यवाद दिया और विश्वास जताया कि यह संगठन उनके हितों की रक्षा करता रहेगा।

# कल्याण गुरुकुल मैथन में विदाई समारोह

**कुमारधुबी।** झारखंड सरकार के प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल मैथन में सोमवार को एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल से प्रशिक्षित 16 छात्रों को चेन्नई स्थित मोदीन थरमस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड में रोजगार के लिए चयनित किया गया। समारोह में छात्रों के परिजनों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कल्याण गुरुकुल मैथन के प्राचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि अब तक 865 छात्रों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न कंपनियों में नियोजित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने इच्छुक छात्रों से आकर गुरुकुल में नामांकन कराने का आग्रह किया।




# जोगता नागरिक समिति का जागरूकता अभियान

संवाददाता

**धनबाद।** 28 फरवरी को होने वाली बंदी को सफल बनाने के लिए जोगता नागरिक समिति लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में मोदीडीह बस्ती में दुर्गा मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई, जहां नागरिकों को बंदी के महत्व के बारे में बताया गया। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि यह लड़ाई केवल कुछ लोगों की नहीं, बल्कि जोगता और सिजुआ के सभी नागरिकों की है। इसे हर हाल में सफल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बंदी के दिन तक हर बस्ती में बैठकें आयोजित कर नागरिकों को जागरूक किया जाएगा और उन्हें इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय



लोग मौजूद थे, जिनमें हीरा साव, सूरज चौहान, कालिया महतो, गोपाल पांडे, सनी चौहान, संतोष चौहान, कार्तिक चौहान, चंदा देवी, पदमा देवी, चांदनी देवी, रेखा देवी, तारा देवी, कौशल्या देवी, आशा देवी, कविता देवी, शांति देवी, सरस्वती देवी, किरण देवी सहित अन्य लोग शामिल थे। इस अभियान को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग 28 फरवरी की बंदी को पूरी तरह सफल बनाने के लिए तैयार हैं और इसे अपने हक की लड़ाई मान रहे हैं। जोगता नागरिक समिति का यह अभियान लगातार तेज हो रहा है और आने वाले दिनों में इसे लेकर और भी बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस आंदोलन से जोड़ा जा सके।

# झरिया बाजार समिति की दुकानों पर दबंगों का कब्जा

## सचिव ने की जांच, अवैध कब्जाधारियों को भेजा नोटिस

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के झरिया बाजार समिति की दुकानों पर दबंगों का कब्जा बना हुआ है। यहां लगभग 30 गोदाम और 70 से अधिक छोटी दुकानें हैं, लेकिन इनमें से केवल 6-7 गोदामों से ही बाजार समिति को किराया प्राप्त होता है। शेष दुकानों पर स्थानीय दबंगों और जनप्रतिनिधियों का अवैध कब्जा है। बाजार समिति के पदाधिकारियों की मिलीभगत से दबंग हर महीने लाखों रुपये का किराया वसूलते हैं, जो उनकी जेब में चला जाता है। शुक्रवार को बाजार समिति के सचिव विपुल कुमार ने झरिया बाजार समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान कई



दुकानों पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया। जांच में यह भी पाया गया कि जिन दुकानों और गोदामों का आवंटन हुआ था, उनमें से कई को किराए पर दे दिया गया है। इस गड़बड़ी को देखते हुए अब अवैध कब्जाधारियों और किराए पर दुकानें देने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जा रही है। सभी को नोटिस भेजा गया है और यदि जरूरत पड़ी तो एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।इसके अलावा, झरिया बाजार समिति में अवैध शराब का कारोबार भी जोरों पर है। वर्ष 1986 में जब यह बाजार समिति बनाई गई थी, तब इसका उद्देश्य झरिया बाजार से फल और सब्जी व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से बसाना था। लेकिन अब यहां अवैध शराब की फैक्ट्रियां चलाई जा रही हैं। यही नहीं, चरस, गांजा और अफीम जैसे नशीले पदार्थों की भी बिक्री हो रही है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 25 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**विफलता परिश्रम छोड़ देने का नतीजा है**

- एफ. जी. जॉयनर


## भारतीय सियासत का छावा कौन

इन दिनों रजतपट पर विक्की कौशल और छावा दोनों ही धमाल मचा रहे हैं। ऐतिहासिक फिल्म छावा बॉक्स ऑफिस पर पूरे जोश में आगे बढ़ रही है और इसकी रफ़्तार धीमी होने का नाम ही नहीं ले रही है। सिनेमाघरों में नौ दिनों तक चलने के बाद, अब यह फि ल्म 300 करोड़ रुपये की बड़ी कमाई करने की ओर बढ़ गई है। खचाखच भरे सिनेमाघरों, जोरदार तालियों और रिकॉर्ड तोड़ कमाई के साथ, छावा ने खुद को साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बना दिया है। लेकिन सवाल ये है की भारतीय राजनीति का छावा कौन है? भारतीय राजनीति में भी इतिहास बदलने की होड़ में लगे अनेक किरदार हैं लेकिन असली छावा का पता नहीं चल पा रहा है। कभी छावा की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजर आते हैं तो कभी अमित शाह। कभी योगी आदित्यनाथ तो कभी राहुल गांधी। कभी एकनाथ शिंदे तो कभी शरद पंवार। सियासत में हर कोई छावा बनकर छा जाना चाहता है। लेकिन देश की फिक्र किसी सियासी छावा को नहीं है। सबको अपनी-अपनी पड़ी है। कहते हैं कि छावा में औरंगजेब बने अक्षय खन्ना की 27 साल में 22 फ्लॉप फिल्में दी हैं। उनकी फीस भी 2.5 करोड़ रुपए है अक्षय की नेटवर्थ विक्की कौशल से अधिक है। अक्षय खन्ना छावा में औरंगजेब का रोल करके हर किसी की नजर में एक बार फिर से आ गए हैं।

अक्षय के काम की खूब तारीफ हो रही है। औरंगजेब के किरदार में उनकी कलाकारी को देखकर हर कोई दंग रह गया है और उन्हें बेस्ट एक्टर्स में से एक के तौर पर काउंट किया जा रहा है। लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनी छावा महान मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है। विक्की मराठा साम्राज्य के संस्थापक के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के रोल में हैं। रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी येसुबाई भोंसले का किरदार निभा रही हैं। अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी लीड रोल में हैं। आइये अब बात करते हैं भारतीय सियासत के छावा और औरंगजेब की। भारतीय राजनीति में भाजपा ने प्रधामनंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को छावा और लोकसभामें विपक्ष के नेता राहुल गांधी को औरंगजेब बना दिया है। दोनों अपने-अपने किरदार में जान फूंकने की कोशिश कर रहे है। दुर्भाग्य से सियासी छावा में कोई येशुबाई भैंसले नहीं है। मोदी रणछोड़दास हैं और राहुल ने अभी तक घर नहीं बसाया है। पिछले एक दशक से सियासी छावा और औरंगजेब में ठनी हुई है। मोदी खुद चक्रवर्ती सम्राट बनना चाहते हैं लेकिन राहुल गाँधी बीच-बीच में उनका रथ रोक लेते हैं। लेकिन मैदान किसी ने भी नहीं छोड़ा है। भारतीय सियासत की फिल्म छावा में मोदी और गाँधी के अलावा दूसरे किरदार भी हैं। आप इन्हें ए-1 और ए-2 भी कह सकते हैं और अडानी तथा अम्बानी भी कह सकते हैं इन किरदारों की धूम भारत की सीमाओं के बाहर भी है। एक को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जाता है तो दूसरे के खिलाफ अमेरिका की अदालत से वारंट जारी किये जाते हैं। भारतीय सियासत के छावा की नींद 21 करोड़ अमेरिकी डालर की कथित अमेरिकी मदद की खबर भी उड़ा देती है। पहले इस मदद को लेकर कांग्रेस निशाने पर थी अब ये निशाना बदल गया है। निशाने पर मोदी थे किन्तु वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी ने ट्रम्प की तोप का मुंह दूसरी और मोड़ दिया।

बैशाखियों और तांगों के सहारे दिल्ली और महाराष्ट्र में सरकार चलाने वाली भाजपा के लिए औरंगजेब केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि दुसरे भी हैं। बिहार में डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे ने मोदी -शाह की जोड़ी को साफ ढका दिया है की उन्हें हल्के में न लिया जाये। मोदी जी को तांगेवाले से बचने के लिए महाराष्ट्र की राजनीती के बूढ़े छावा शरद पांवर के समाने विनम्रता का स्वांग करना पड़ रहा है। वे कभी शाह की कुर्सी पीछे खिसकाते दिखाई देते हैं तो कभी उनका गिलास भरते नजर आ रहे हैं। कोशिश ये है की बिहार विधानसभा चुनाव तक कोई औरंजेब सर न उठा पाए ,फिर चाहे वो राहुल गाँधी हो या एकनाथ शिंदे। सत्ता में बने रहने के लिए सभी को साधना आज के सियासत के छावा की मजबूरी है। उसे मसखरा शास्त्री भी साधना पड़ रहा है, और अपनी ताकत बढ़ाने के लिए कांग्रेस के असंतोष पर नजरें रखना पड़ रही हैं। सीएसी छावा को शास्त्री भी चाहिए और थरूर भी। सिहायसि फिल्म में बिदूषक न हो तो मुष्किल होती है। एक अकेला हीरो और खलनायक तो बन सकता है किन्तु उसे बिदूषक की जरूरत क्यों पड़ती है। बिना बिदूषक के कोई सियासी फील या ड्रामा कामयाब नहीं हो सकता। भाजपा की मैं इस बात के लिए हमेशा तारीफ करता हूं कि भाजपा भ्रम फैलाकर सियासत करती है। इस भ्रमजाल में जो फंस गया उसका लोप हो जाता है। उमा भारती ,शतुघ्न सिन्हा, यशवंत सिन्हा इस बात के ज्वलंत उदाहरण हैं।फिलहाल भाजपा की सियासी फिम छावा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम सबसे ऊपर है उन्होंने कुम्भ को महाकुम्भ बनाकर फिल्मी कारोबार को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्हें इस समय न राम से काम है और न राम की गंगा के मैलेपन से। उन्हें डुबकियों से मतलब है।

# निवेश के सूत्र समझते हैं डॉ. मोहन यादव


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

निवेश का महत्व अर्थ की महत्ता के साथ सदियों से रहता आया है, किंतु यह निवेश तभी संभव है जब परस्पर के संवाद में गहराई हो, आत्मीयता के साथ ही आर्थिक लाभ का पक्ष भी दोनों ओर से बराबर जुड़ा हो। यह सूत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अच्छे से समझते हैं। एक व्यापारी, उद्योजक और निवेशक अपनी पूंजी के प्रवाह को किसी स्थान पर लगा देने के पूर्व वह यह आश्वस्ती अवश्य चाहता है कि जहां वह अपना अर्थ व्यय कर रहा है या भविष्य की दृष्टि से अपने रुपयों का निवेश कर रहा है, वह हर हाल में न केवल सुरक्षित हो, बलकि सर्व सुविधा सम्पन्न भी हो, ताकि आगे किसी भी प्रकार की कोई बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े। वैसे संवाद से निरुक्त के आचार्य यास्क भी याद आते हैं। वास्वत में ऋषि यास्क निरुक्त के वे लेखक हैं, जो शब्द व्युत्पत्ति, शब्द वर्गीकरण एवं शब्दार्थ विज्ञान पर एक तकनीकी प्रबन्ध प्रस्तुत करते हैं। जिसमें कि उनके द्वारा सबसे अधिक परस्पर के संवाद पर जोर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भी इन दिनों एक संवाद होता देखा जा रहा है।

यह संवाद राज्य में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए पर्याप्त रोजगार हो और वह सुख से अपना जीवन निर्वाह करे, इसके लिए किया जा रहा है। जिसके कि वाहक बने हैं, राज्य के प्रमुख होने के नाते डॉ. मोहन यादव। एक मुख्यमंत्री के तौर पर नितरोज नवाचार करना एवं आर्थिक समृद्धि के लिए प्रयास करते हुए उन्हें देखा जा रहा है। इस दिशा में मध्यप्रदेश के भोपाल में हो रही 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025' ने निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए 'अनंत संभावनाओं' की एक दिशा तय कर दी है। इस आयोजन की सफलता इससे भी समझी जा सकती है कि देश के किसी प्रधानमंत्री ने इसके महत्व को समझते हुए यहीं रात्रि विश्राम करने के लिए अपना कार्यक्रम बनाया ताकि अधिकतम लोगों से मिलकर मध्य प्रदेश की समृद्धि से देश के विकास के लिए जरूरी विमर्श किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले कौन प्रधानमंत्री भोपाल में रुका है, यह याद नहीं आता, बहुत पहले इतिहास में किसी ने स्वाधीनता के पश्चात् यहां अपनी रात व्यतीत की होंगी। निश्चित ही यह मोहन सरकार की सफलता ही है कि मप्र के विकास की अपार संभावनाओं में वे हर अवसर का भरपूर उपयोग कर लेना चाहते हैं।



वस्तुतः इस आयोजन के पूर्व समय पर दृष्टि डालें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए इतने अधिक संकल्पित दिखाई दे रहे हैं कि देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद वे विदेशी उद्योजक से संवाद करने के लिए जापान जा पहुंचे थे। वहां उन्होंने जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश के संबंध में संवाद करने के साथ ही उनसे यह भी वादा ले लिया था कि आगामी माह में होने जा रही 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट वे मप्र आ रहे हैं और यहां अपने उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा निवेश भी करेंगे।

जहां जिस भी देश में मुख्यमंत्री गए और वहां के उद्योगपतियों से संवाद किया, वहां कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी-आईटीईएस और रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस और रक्षा, सहित पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित बातचीत इतनी सफल रही है कि यूके, जर्मनी, जापान समेत अनेक देशों से मध्?य प्रदेश आनेवाले उद्योगपतियों की एक बड़ी संख?या है जो यहां आकर अब निवेश के लिए अपने क्षेत्र का निर्धारण करते हुए उद्योग स्थापित करेंगे। आज जापान, मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-जापान व्यापार सूएसडी 22.85 बिलियन तक पहुंचा, जिसमें मध्यप्रदेश ने एल्यूमिनियम, केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, और वस्त्र जैसे उत्पादों का निर्यात किया। राज्य में ब्रिजस्टोन, पैनासोनिक, सनोह, एनएचके, और कोमात्सू जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। जापान 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025' में 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग ले रहा है। इसी तरह से जर्मनी पार्टनर कंट्री केरूप में शामिल हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी के म्यूनिख दौरे के दौरान सीआईआई और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर-सेंट्रल इंडिया के समन्वय से जर्मन निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया था। समिट में 60 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी, जिसमें डिपार्टमेंटल समिट, पार्टनर कंट्री सेशन, प्री-बिड सत्र, थीम आधारित सेशन और उद्योगपति एवं निवेशकों के साथ बैठकें शामिल हैं। इसमें भी मोहन सरकार ने एक नवाचार यहां यह किया है कि उसने देश भर के अधिक से अधिक आंत्रप्रेन्योर से सीधा संवाद किया है और अपने इस भव्य, दिव्य आयोजन में 10,000 से ज्यादा आंत्रप्रेन्योर और लीडर्स को एक साथ आमंत्रित किया। ताकि वे अपने लिए मध्य प्रदेश में संवाभनाएं तलाश सके।

वैसे डॉ. मोहन यादव आर्थिक विकास के लिए एक बड़ा कार्य इंडस्ट्रियल सेक्टर पीथमपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन और धार को मिलाकर एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का है, जोकि उनकी एक बड़ी परियोजना है। यह एरिया इतना व्यापक है कि इसमें मोहन सरकार करीब 10000 किलोमीटर में नई इंडस्ट्रीज लगाने जा रही है। अर्थात् रोजगार के इतने अवसर वह राज्य में पैदा कर देना चाहती है कि न सिर्फ मध्य प्रदेश के बल्कि दूसरे कई राज्यों को मप्र भविष्य में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने वाले राज्य में रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। कहना होगा कि मप्र में जो यह ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट हो रही है, इसके माध्यम से दुनिया भर के निवेशक मध्य प्रदेश की क्षमता को देख और समझ रहे हैं। इससे राज्य में विकास को तो हर क्षेत्र में गति मिलेगी ही साथ ही पर्याप्त लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलने जा रहे हैं। आज मुख्यमंत्री जिस तरह से सीधे सभी से संवाद कर रहे हैं, उसे देखकर यह अवश्य लगने लगा है कि मध्य प्रदेश आनेवाले समय में इतनी अधिक गति पकड़ेगा कि देश का कोई अन्य राज्य उसकी गति को शायद ही पकड़ पाए। ऐसे में मध्य प्रदेश बहुत तेजी से विकसित राज्य की श्रेणी में अपने को लाने में अवश्य सफल होता दिखाई देता है। निश्?चित ही इसके पीछे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के किए जा रहे अपार संवाद की बड़ी भूमिका स्पष्ट नजर आती है।

# तमिलनाडु में हिन्दी विरोध के मायने

डॉ. आरबी चौधरी

तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित पोलाची में तमिल समर्थकों ने 23 फरवरी को रेलवे स्टेशन के बोर्ड पर हिन्दी में लिखे नाम पर कालिख पोतकर भाषा विवाद को और गरमा दिया। रेलवे सुरक्षा बल ने इन लोगों की पहचान कर मामला दर्ज किया है। सच पूछिए तो यह घटना एक बड़े विवाद का हिस्सा है, जिसमें तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के माध्यम से हिन्दी थोपने का आरोप लगाया है। द्रमुक इस आरोप से इनकार करते हुए भाजपा के साथ वाक युद्ध में लगी हुई है। तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की जड़ें 20वीं सदी की शुरूआत से हैं।

विरोध प्रदर्शन तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा की इच्छा से प्रेरित है। अधिकांश तमिल आज भी हिन्दी को अपनी पहचान के लिए खतरा मानते हैं। इतिहास के पन्ने को पलटने पर ज्ञात होता है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1937 में स्कूलों में अनिवार्य हिन्दी शिक्षण की शुरूआत की। तमिलनाडु में इसका व्यापक विरोध हआ। विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व पेरियार ई.वी. रामासामी और जस्टिस पार्टी ने किया। 1937-1940 के आंदोलन के दौरान 1,198 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया और 1,179 को दोषी ठहराया गया। सबसे बड़ा हिन्दी विरोधी आंदोलन 1948-1950 के बीच हुआ। इस दौरानहड़तालें हुईं। वर्ष 1965 में मदुरै में हिन्दी विरोधी दंगे भड़क उठे जिसके परिणामस्वरूप लगभग 70 लोग मारे गए।आज भी तमिलनाडु में हिंदी विरोध विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। द्रमुक और अन्य दल गैर-हिन्दी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का विरोध कर रहे हैं। जबकि भारत सरकार हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने के प्रयास में लगी हुई है। वर्तमान विरोध ने यह स्वीकार करना आरंभ कर दिया है कि हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भी आधिकारिक भाषा बनी रहे। वर्तमान विरोध सिर्फ राजनीतिक क्रियाकलाप है। वैसे, तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की वास्तविकता जटिल है। इसमें राजनीतिक और सांस्कृतिक दोनों कारक शामिल हैं। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वर्तमान विरोध तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा करने की वास्तविक इच्छा से प्रेरित है। बुद्धिजीवी और आम आदमी इसे राजनीतिक दलों द्वारा लाभ प्राप्त करने के साधन के रूप में देखता है। सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडीज के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-25 आयु वर्ग के 71 प्रतिशत लोगो ने बिना समझे-बूझे हिन्दी थोपने का विरोध किया। यूगऊ के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-24 वर्ष की आयु के तमिलनाडु के 63 प्रतिशत निवासियों का मानना था कि स्कूलों में हिन्दी को जरूर पढ़ाया जाए लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए।




कुछ लोग तर्क देते हैं कि हिन्दी जानने से नौकरी के अवसर बढ़ सकते हैं और व्यापार और व्यापार संबंधों को सुविधाजनक बनाया जा सकता है। तमिलनाडु में भी मनोरंजन की दुनिया का लुफ्त उठाने के लिए हिन्दी भाषा को व्यावसायिक भाषा माना जाता है। लेकिन राजनीतिक के संवर्ग के लोग इसे तमिल संस्कृति और भाषा के लिए खतरा मानते हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की 60 फीसदी आबादी हिन्दी बोलती है। भाषा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान परिदृश्य में तमिलनाडु की 40 फीसद आबादी को हिन्दी का कुछ ज्ञान है और धीरे-धीरे लोग हिन्दी को सीख रहे हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में हिन्दी पढ़ने की गति तेज हुई है। लोग प्रदेश से बाहर जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहते हैं और देशभर में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा हिन्दी का लाभ उठाना चाहते हैं। इस कार्य में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का बहुमूल्य योगदान है। सन् 1964 में सभा को संसद ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की संस्था' घोषित किया था। देखा जाए तो डुओलिंगो, इटालकी और प्रीप्ली जैसे कई ऐप और ऑनलाइन प्लेटफार्म हिन्दी भाषा के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और तमिलनाडु सहित भारत के तमाम हिस्सों में इन्हें काफी डाउनलोड और उपयोग किया गया है।

इसके अतिरिक्त, लिंग और ड्रॉप्स जैसे कुछ ऐप हिन्दी सीखने के लिए इंटरैक्टिव और गेमीफाइड पाठ प्रदान करते हैं, जो तमिलनाडु की युवा आबादी को आकर्षित कर सकते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार, दक्षिण भारत में लगभग 30 फीसद लोग हिन्दी गाने सुनते हैं। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि तमिलनाडु में लगभग 70 फीसद छात्र हिन्दी की अज्ञानता के कारण केंद्रीय नौकरी में नहीं जा पाते हैं। इन बातों को स्वीकार करते हुए तमिलनाडु सरकार ने 1968 में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया था। अंततः, तमिलनाडु पर हिन्दी थोपने या न थोपने का निर्णय एक जटिल मुद्दा है। इसमें कई कारक शामिल हैं। एक बात बहुत स्पष्ट है कि तमिलनाडु के लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी भाषा की राजनीति में रुचि नहीं रखती। वह हिन्दी सीखने के लिए उत्सुक हैं।

# प्रयागराज महाकुंभ में आस्था, संस्कृति और परंपरा का संगम

अनुजा भोरे

सौरमंडल को ब्रह्माण्ड कहा जाता है। जिस प्रकार एक ब्रह्माण्ड में ग्रह और तारे सूर्य के चारों ओर घूमते हैं, उसी प्रकार अनेक ब्रह्माण्ड भी ईश्वर के चारों ओर घूमते हैं। इसमें भारत का स्थान उस शाश्वत एवं अनंत शक्ति के समक्ष आता है। हमारे देश का नाम बहुत अर्थपूर्ण है, क्योंकि 'भा' का अर्थ है तेज और 'रत' का अर्थ है लीन होना। यदि इन शब्दों कि संधि कि जाए तो भा+रत यानी तेज में लीन होनेवाला अर्थ निकलता है। वहीं प्रचीन साहित्य में ऐसा जिक्र है कि, कण्व ऋषि की पुत्री शकुंतला और राजा दुष्यंत के पुत्र भरत के नाम पर हमारे देश का नाम भारत रखा गया है। देश के नाम की उत्पत्ति चाहे जो भी हो, प्रायः यह महसूस किया जाता है कि हमारा भारत हजारों वर्षों से धर्म और अध्यात्म का मूल आधार रहा है। महाकुंभ की शुरूआत से ही कई पौराणिक कथाएं, धार्मिक और आध्यात्मिक संदर्भ पढ़ने में आए हैं। नतीजतन प्रयागराज महाकुम्भ में जाने के लिए तीव्र इच्छा पैदा हो गई। सॉफ्टवेयर क्षेत्र में काम करते हुए मुझे देश-विदेश में विभिन्न स्थानों की यात्रा करने का अवसर मिला। मुझे यात्रा करना पसंद है, क्योंकि मुझे प्रकृति और पर्यटन से प्यार है।

बच्चों की पढ़ाई और पारिवारिक जिम्मेदारियां हमें लगातार पीछे धकेलती रहती हैं और हमें इसका एहसास भी नहीं होता। लेकिन, प्रयाग जाने की लालसा मुझे शांत बैठने नहीं देती थी। इसलिए, अंततः अपने परिवार से बात करने के बाद मैंने प्रयागराज जाने का फैसला किया। चूंकि बच्चे अभी स्कूल में थे, इसलिए परिवार के सभी बड़ों ने प्रयाग जाने की अपनी योजना बना ली। इसके साथ ही उन्होंने काशी और अयोध्या जाने की भी योजना बनाई। इसके लिए वाहन से सड़क मार्ग से जाने का निर्णय लिया गया। चूंकि मेरे लिए इतने लंबे समय तक घर से दूर रहना संभव नहीं था। इसलिए मैंने निर्णय लिया कि परिवार वाहन से जाएगा और मैं प्रयागराज में उनके साथ हो जाऊंगी। बाकी परिवार अयोध्या और काशी का भ्रमण करने के बाद नौ फरवरी को प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। उसी दिन मैं पुणे से फ्लाइट से प्रयागराज पहुंची । प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देख मेरे पति ने मुझे हवाई अड्डे से होटल तक ले जाने के लिए एक बाइक सवार को बुक किया।



लेकिन, भारी भीड़ के चलते उन्होंने आने से इनकार कर दिया। प्रयागराज में श्रद्धालुओं का जनसागर देख मन में विचार आया कि अब इस जनसागर को पार कर होटल कैसे पहुंचूंगी? लेकिन, यहीं पर मुझे दैवीय शक्ति का पहला अनुभव हुआ। बहुभाषी समाचार एजेंसी हिन्दुस्तान समाचार के चेयरमैन अरविंद मार्डीकर मेरे साथ विमान में यात्रा कर रहे थे। मेरी परेशानी को देखते हुए उन्होंने मुझे होटल तक पहुंचाने का वादा किया। भीड़ को देख कर ऐसा लगने लगा था कि इस विशाल भीड़ से बाहर निकलने का रास्ता कैसे खोजा जाए? तभी एक परायी जगह पर मार्डीकर जी से सहायता प्राप्त हुई। मार्डीकर जी ने अपनी कार से जहां तक संभव हुआ, मुझे पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने अपने एक वरिष्ठ सहकर्मी को मुझे होटल तक सुरक्षित पहुंचाने का निर्देश दिया और वे रवाना हो गए। इसके बाद मार्डीकर जी के सहकर्मी ने मुझे सुरक्षित मेरे होटल तक पहुंचाया। इस कलियुग मे जहां इन्सान व्यापारी और दुनिया बनी हुई है वहां, बुजुर्गों के आशिर्वाद से मार्डीकर जी जैसे लोग सहायता करने पहुंच जाते हैं। इस मदद के चलते मैं और परिवार के सभी लोग एक ही समय पर होटल पहुंचे और कुछ देर आराम करने के बाद हम ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के लिए चले गए। हर जगह लोग ही लोग थे।

मानो वहां जनसैलाब उमड़ा हो। इस भीड़ में बूढ़े, छोटे बच्चे और विकलांग सभी ऐसे चल रहे थे जैसे उनमें कोई अज्ञात शक्ति समाहित हो। उस जादुई माहौल ने एक अलग ही एहसास दिया। थोड़ी ही देर में हम घाट पर पहुंच गए, पवित्र स्नान किया, गंगा जल भरा, तट पर पूजा और आरती की और आनंद का अनुभव किया। इतनी भीड़ में भी आपको कभी भी गंदगी या परेशानी महसूस नहीं होती क्योंकि वहां आने वाला हर व्यक्ति आस्था की गहराइयों में डूबा होता है और आप भी उस ऊर्जा को महसूस कर सकते हैं। महाकुम्भ एक अद्भुत अनुभव है जिसे शब्दों में बयां करना वाकई मुश्किल है। आपको वहां जाना होगा और इसका अनुभव करना होगा। अगले दिन हमने वहां के अखाड़ों और मंदिरों का भ्रमण किया और महाकुम्भ को अपनी आंखों और मन में संजोए हमने अपनी वापसी यात्रा शुरू की। मैं और मेरी सासू मां हवाई जहाज से पुणे पहुंचे।

वहीं पति और परिवार के अन्य सदस्य चित्रकूट और नेवासा होते हुए सड़क मार्ग से पुणे पहुंचे। कुम्भ मेला व्यक्तिगत आस्था का विषय है, लेकिन यदि आप फिर भी जाने की सोच रहे हैं तो आपको अवश्य जाना चाहिए। महाकुम्भ की भीड़ और गंगा के जल में डुबकी लगा कर व्यक्ति कितना पवित्र होता है या नहीं इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन, महाकुम्भ में अमीर-गरीब, जाति-पंथ, धर्म-संप्रदाय, पुरुष-महिला यह सारे भेद दूर होकर सभी आस्था, संस्कृति और परंपरा का संगम मे एकाकार होते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : सुख-आनंद कारक समय है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**वृष** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम।

**मिथुन** : नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**कर्क** : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा।

**सिंह** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**कन्या** : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुला** : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान रखें।

**वृश्चिक** : आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**धनु** : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी।

**मकर** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुंभ** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन** : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनिर्वाचित प्रभारी का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनिर्वाचित प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन कृष्ण बल्लभ आश्रम में हुआ, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की, जबकि संचालन रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान और कोडरमा जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन चतरा जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने किया। हजारीबाग आगमन पर प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यालय और शहर के विभिन्न चौकों पर उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। इस मौके पर हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिलों के जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि वे पार्टी को चलाने नहीं, बल्कि सेवा करने आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कार्यकताओं के प्रति जवाबदेह रहेंगे और कोई भी कार्यकर्ता उनसे मिलकर सवाल पूछ सकता है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए पांच महत्वपूर्ण सुझाव दिए और कहा कि




पार्टी के निचले स्तर तक कार्यकताओं को सशक्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश के संविधान की रक्षा कर सकती है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिला सकती है। प्रदेश प्रभारी ने घोषणा की कि आगामी एक वर्ष तक झारखंड में ₹जय संविधान₹ कैंपेन चलाया जाएगा, जिसके तहत झारखंड के लोगों को सरकार की योजनाओं की सही जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड से लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन₹ की शुरूआत की जाएगी, जिससे नई नेतृत्व क्षमता विकसित होगी। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस के चारों मंत्रियों को प्रमंडल वार जिम्मेदारी दी जाएगी, जबकि प्रत्येक विधायक को दो जिलों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि के. राजू के झारखंड प्रभारी बनने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासनिक अनुभव और कांग्रेस संगठन में लंबे समय तक काम करने का लाभ झारखंड कांग्रेस को मिलेगा। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने और चुनावी वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, बादल पत्रलेख, योगेन्द्र साव, जयप्रकाश भाई पटेल, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इसके अलावा, चारों जिलों के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसजन भी इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए।

## झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू का भव्य स्वागत, संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा और मजबूती : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू के हजारीबाग आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और जोशीले नारों के साथ स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि इस दौरे से पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। इसके बाद के राजू ने अयोध्या दर्शन से लौटते समय दुर्घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद कांग्रेस जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई, जिसमें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया। इस बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, आगामी रणनीतियों पर चर्चा करने और जनता से संपर्क बढ़ाने के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में झारखंड के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, केएन त्रिपाठी, बादल पत्रलेख, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस दौरे से कांग्रेस कार्यकताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### 28 घंटे बाद बड़कागांव-हजारीबाग मुख्य सड़क से जाम हटा



**बड़कागांव।** बड़कागांव-हजारीबाग मुख्य सड़क 28 घंटे तक जाम रही। यह जाम सड़क दुर्घटना में मृतक बीगन महतो के परिजनों द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर लगाया गया था। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के प्रयासों से मृतक परिवार को कंपनी में नौकरी, 4.50 लाख रुपये एवं 18 लाख रुपये बीमा राशि दिए जाने पर सहमति बनी, जिसके बाद जाम हटा। इस घटना से एनटीपीसी पंकरी कोल परियोजना एवं ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हुई थी।

### बिरबिर में माता शबरी एवं प्रभु श्रीराम मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव संपन्न



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर प्रखंड के ओरिया पंचायत स्थित ग्राम बिरबिर में माता शबरी एवं प्रभु श्रीराम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। यज्ञ आचार्य नकुल देव शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया। दो दिवसीय आयोजन में हवन, प्रवचन, दीपोत्सव, भंडारा एवं सुंदरकांड पाठ आयोजित किए गए। प्रवचन में नकुल देव शास्त्री ने जीवन में भक्ति के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### बजरंग दल के जिला संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति पर दी गई बधाई



**हजारीबाग।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की तीन दिवसीय प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक रामगढ़ स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित की गई। इस दौरान हजारीबाग जिला में बजरंग दल के विस्तार हेतु सकेंद्र कुमार को जिला संयोजक एवं गोविन्द यादव को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में केंद्रीय विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीष सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, संगठन मंत्री देवी सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सोशल मीडिया एवं फोन कॉल के माध्यम से बधाइयां मिलीं। सकेंद्र कुमार एवं गोविन्द यादव ने संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का संकल्प लिया।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में हृदय रोगी को आर्थिक सहायता दी, 40,000 रुपये की आर्थिक मदद देकर दी राहत




**हजारीबाग।** हर मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में, कुछ माह पूर्व बड़कागांव के पकरी बरवाडीह निवासी राजेश कुमार ने हृदय रोग के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। उपायुक्त ने इस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मद से 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों से समन्वय कर चेक तत्काल उपलब्ध कराया। लाभुक एवं उनके परिजनों ने इस मदद के लिए उपायुक्त का आभार व्यक्त किया।

### अंचलाधिकारी मयंक भूषण ने परिजनों से की मुलाकात

**हजारीबाग।** शहीद कैप्टन करमजीत सिंह के माता-पिता के लिए सैनिक भूमि बंदोबस्ती को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सदर अंचलाधिकारी मयंक भूषण ने मुलाकात की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शहीद के माता-पिता को शहरी आवासीय क्षेत्र में जमीन दी जाएगी। परिवार की सहूलियत के अनुसार स्थान तय किया जाएगा और जल्द ही उन्हें जमीन आवंटित की जाएगी।

### तीरंदाजी में जिज्ञासु रंजन करेगा झारखंड का प्रतिनिधित्व

**बड़कागांव।** बड़कागांव निवासी शिक्षक देवेंद्र कुमार का पुत्र जिज्ञासु रंजन का चयन तीरंदाजी क्षेत्र में नेशनल गेम के लिए किया गया है। जिज्ञासु रंजन आंध्र प्रदेश के गुंटुर में होने वाले 14 वीं मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। आंध्र प्रदेश में 20 मार्च से लेकर 30 मार्च तक तीरंदाजी प्रतियोगिता खेल होगा। तीरंदाजी के क्षेत्र में नेशनल गेम में जिज्ञासा रंजन का चयन होने से हजारीबाग जिला ही नहीं पूरे झारखंड राज्य का गौरव बढ़ा है। जिससे बडकागांव के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। जिज्ञासु रंजन के पिता देवेंद्र कुमार ने बताया कि झारखंड तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 14वीं मिनी नेशनल चयन प्रतियोगिता का आयोजन जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 23 फरवरी को संपन्न हुआ था।

## पत्रकारों के लिए चार दिवसीय महाकुंभ यात्रा का आयोजन



**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने स्थानीय पत्रकारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए चार दिवसीय महाकुंभ यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा में पत्रकार अपने परिवार के साथ शामिल हुए। यात्रा का पहला पड़ाव प्रयागराज था, जहां सभी पत्रकारों और उनके परिवारजनों ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। इसके बाद सभी माँ विंध्यवासिनी की नगरी विंध्याचल पहुंचे और माता के दर्शन किए। यात्रा के तीसरे दिन सभी पत्रकार वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने काशी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का अनुभव किया। अस्सी घाट से शुरू हुआ भ्रमण मणिकर्णिका घाट तक पहुंचा, जहां उन्होंने जीवन के अंतिम सत्य को समझने का प्रयास किया। अंत में, पूरी टीम घर लौटने से पहले माँ भद्रकाली मंदिर पहुंची और दर्शन-पूजन किया।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न



**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग जिले में पेयजल आपूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर करना था। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जे जे एम मॉनिटरिंग सेल के गठन हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही, ग्रीष्म ऋतु के लिए चापाकल एवं जलमीनार का सर्वेक्षण कर उन्हें दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया, ताकि गर्मी के दौरान पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत विभागीय निर्देशों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी योजनाओं को तय समय के भीतर पूर्ण करने पर जोर दिया और लापरवाही बरतने पर सख्त

## झारखंड जन संस्कृति मंच ने प्राणेश कुमार को श्रद्धांजलि दी




**हजारीबाग।** झारखंड जन संस्कृति मंच, हजारीबाग द्वारा साम्यवादी कवि, लेखक और संपादक प्राणेश कुमार के निधन पर पेंशनर कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत चित्रकार टी.पी. पोद्दार द्वारा बनाए गए चित्र पर माल्यार्पण से हुई। अशोक कुमार ने प्राणेश कुमार को सरल और सहयोगी व्यक्तित्व का धनी बताया। कवि टी.पी. पोद्दार ने उनके साथ बिताए साहित्यिक पलों को साझा किया। डॉ० प्रमिला गुप्ता ने उनकी कविताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका साहित्य सृजन अविस्मरणीय रहेगा। डॉ० कविता सिन्हा ने उन्हें झारखंड का वरिष्ठ जनवादी कवि बताया। कवि अजय कुमार और कवि प्रमोद रंजन ने संवेदना व्यक्त की। खान एवं भूतत्व विभाग के उप निदेशक कवि कुणाल कौशल ने उन्हें जनवादी विचारक बताया। शिक्षक संघ के नेता रामेश्वर गुप्ता ने उनकी रचनाओं पर चर्चा की। कवि विजय कुमार कर्ण, संजय हजारीबागी, आसिफ अली, और राजू विश्वकर्मा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि रमणिका गुप्ता उनकी राजनीतिक गुरु थीं और दिवंगत प्राणेश कुमार उनके साहित्यिक मार्गदर्शक। अंत में, सभी रचनाकारों ने दिवंगत कवि की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने हजारीबाग में शहीदों के लिए म्यूजियम की मांग की

**हजारीबाग।** स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात की। उन्होंने जिला के पुराने समाहरणालय में स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के नाम पर म्यूजियम बनाने की मांग रखी। इससे पहले, मंच के सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल से मिलकर भी यह मांग प्रस्तुत की थी। म्यूजियम में भगवान बिरसा मुंडा, बाबूराम नारायण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री के.वी. सहाय, सरस्वती देवी, रामेश्वर मेहता, तालेबर मेहता, लाल धारी सुकीयार, रामदीन कसेरा, मटुकधारी सिंह, विश्वनाथ मोदी, पूरन साहू, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी, रघुवीर मेहता समेत 50 स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के फोटोग्राफ और जीवनी शामिल किए जाएंगे।प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से बटेश्वर प्रसाद मेहता, ओमप्रकाश मेहता, जय नारायण प्रसाद कुशवाहा, प्रो. प्रमोद सिंह, सच्चिदानंद पांडेय सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ हजारीबाग में अधिवक्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में अधिवक्ता संघ ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ एक दिवसीय धरना और हड़ताल की घोषणा की है। यह निर्णय बार संघ की आम सभा में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने की। बैठक में अधिवक्ताओं ने सरकार के इस बिल का कड़ा विरोध किया और इसे अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता के लिए खतरा बताया।संघ के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि यह बिल अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता को बाधित करेगा और इसमें कई खामियां हैं, जिन्हें केंद्र सरकार को सुधारना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बार काउंसिल ऑफ इंडिया में तीन सदस्यों की नियुक्ति कर इसे नियंत्रित करने की योजना बना रही है, जो अधिवक्ता समुदाय के हितों



के खिलाफ है। संघ के सचिव सुमन कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के कार्यों में हस्तक्षेप न करे। उन्होंने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के लिए किसी भी प्रकार की कल्याणकारी योजना नहीं चला रही है, न ही उन्हें वेतन देती है, फिर भी उनके कामकाज में दखल देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस विरोध के दौरान अधिवक्ता संघ बिल की एक प्रति जलाकर अपना विरोध दर्ज कराएगा और एक ज्ञापन जिला पदाधिकारी को सौंपेगा। धरने में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। इस मौके पर उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सहसचिव कुणाल कुमार, कोषाध्यक्ष भारत कुमार, डॉ. चंदन कुमार, सतीश सिंह, रीना वर्मा, अमित प्रकाश सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने सरकार के इस फैसले के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

## बेड़ा हरियारा पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बेड़ा हरियारा पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत मुखिया रामचंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन किया गया। बैठक के दौरान पंचायत के उपमुखिया राहुल कुमार गुप्ता ने कहा कि गांव एवं पंचायत के विकास के लिए ग्राम सभा का आयोजन आवश्यक है। ग्राम सभा के माध्यम से ही योजनाओं का सही चयन किया जाता है, जिससे आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद ने आश्वासन दिया कि पंचायत की महत्वपूर्ण योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से रोजगार सेवक मदन यादव, नीरज पासवान, राखी देवी, सुनीता देवी, पनवा देवी, सूमा देवी एवं गुड़िया देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ प्रखंड में युवाओं में बढ़ रही नशे की लत



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के कई गांवों में युवा तेजी से नशे की चपेट में आ रहे हैं। 12 से 30 वर्ष तक के युवा गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, जिससे उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही है। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। विष्णुगढ़ के सात मील मोड़ एवं अन्य स्थानों पर खुलेआम गांजे की बिक्री हो रही है। अभिभावकों के लिए यह गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्वर्णप्राशन औषधि पर अभिभावक गोष्ठी

संवाददाता

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में कक्षा अरुण से द्वितीय तक के शिशुओं को स्वर्णप्राशन औषधि पिलाने के महत्व पर अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मंजू श्रीवास्तव प्रांतीय वाटिका प्रमुख सह राष्ट्रीय सदस्य, शिशु वाटिका ने वर्चुअल माध्यम से अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि विद्या भारती के तत्वावधान में जन्म से 12 वर्ष तक के शिशुओं को यह औषधि दी जा रही है, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विकास होता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक



क्षमता बढ़ाने और उनकी बुद्धि को तीव्र करने में सहायक है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ० प्रदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ० अमिता कुमारी, विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिंहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी औषधि के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने इसे शिशुओं के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए ह्यरामबाण औषधिह्व बताया और अभिभावकों से अपने बच्चों को इसे नियमित रूप से दिलाने का आग्रह किया।

## अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति द्वारा माता शबरी जयंती का भव्य आयोजन

संवाददाता




**बड़कागांव।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के बैनर तले पकरी बरवाडीह भोक्ता स्थान राम जानकी मंदिर परिसर में माता शबरी जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन महावीर राम ने किया। मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, पॉलिटिकल साइंस स्कैनर लेखक विपिन कुमार, पंसस उपेंद्र महतो, प्रभु राम, हेमंत भुइयां एवं सुरजनदेव ऋषि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर फुलवा देवी ने माता शबरी को प्रेम और तपस्या की प्रतिमूर्ति एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। सुनीता देवी ने भुइयां समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक होने पर बल दिया। इस मौके पर कपिल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा माता शबरी के भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। समारोह में प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, सचिव शंकर भुइयां, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष शारदा ऋषि, खेमलाल भुइयां, गिरजा भुइयां, रामचंद्र भुइयां, रामवृक्ष राम, गणेश भुइयां, गुलाब भुइयां, अशोक राम, वार्ड सदस्य फूलचंद भुइयां सहित विभिन्न पंचायतों से भुइयां समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट देवघर में पाक-कला प्रतियोगिता का आयोजन

**देवघर।** फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट देवघर में पाक-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक 'चीनी कम' था। जिनमें इंस्टीट्यूट के बच्चों की 10 टीमें बनाई गई। इस प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने मिलकर अलग-अलग प्रकार के मिष्ठान को प्रस्तुत किया, जिन्हें निर्णायकों द्वारा खूब सराहा गया। इस आयोजन में सामग्रियों के पोषण मूल्य को बरकरार रखते हुए स्वादिष्ट मिठाई बनाना मुख्य उद्देश्य था। जन साधारण में चीनी का उपयोग ज्यादा न रखने की सलाह चिकित्सक द्वारा दिया जाता रहा है, जिस बिंदु को ध्यान में रखते हुए लोगों में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिभागयों को प्रोत्साहित किया गया। संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. नृपेन्द्र सिंह लिंगवाल ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों के पाक कौशल का परीक्षण किया, बल्कि हमारे जीवन शैली में हर आहार का उचित संतुलन एवं उनके महत्व का संदेश भी दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह की प्रतियोगिता से नई पीढ़ियों की भागीदारी एवं संतुलित आहार की जानकारी को बढ़ाने में सहायक होगी। साथ ही साथ उन्होंने संस्थान के अध्यापकों को इस प्रकार के प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## डिप्टी मेयर अतिन घोष की कार को सरकारी बस ने मारी टक्कर



**कोलकाता।** डिप्टी मेयर अतीन घोष की कार को एक सरकारी बस ने टक्कर मार दी। तालतला चौराहे के निकट हुई दुर्घटना से व्यापक दहशत फैल गई। कार का अगला हिस्सा मुड़ गया और कुचल गया। डिप्टी मेयर कार में आगे ड्राइवर के बगल में बैठे थे। हालाँकि वह बच गए है। उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। अतीन घोष सोमवार को बजट सत्र में भाग लेने आ रहे थे। तालतला के निकट एक सरकारी बस ने डिप्टी मेयर की कार को टक्कर मार दी। अतीन घोष आगे की सीट पर बैठे थे। कार अगला भाग मुड़ गया है। किसी तरह वह एक बड़ी दुर्घटना से बच गए। बहरहाल, इस दुर्घटना से तालतला चौराहे के पास के इलाके में भारी सनसनी फैल गई।

## बीरभूम में भाजपा नेता पर बलात्कार का आरोप

**कोलकाता।** भाजपा नेता पर बलात्कार का आरोप! यह घटना बीरभूम के खैराशोल प्रखंड में घटी। कथित तौर पर, भाजपा नेता लगभग दो साल से एक महिला के साथ बलात्कार कर रहा था और उसके पति और बच्चे को बम से मारने की धमकी दे रहा था। उसका नाम नीरव बाला है। पीड़ित परिवार ने इस घटना के संबंध में पुलिस की द्वारस्थ हुए। इस बीच, मामला प्रकाश में आते ही तृणमूल नेतृत्व सवाल उठाया है।

## हत्या कर शव को घर की छत पर छिपाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता।** एक फेरीवाले की हत्या कर उसका शव घर की छत पर छिपाने का आरोप। घटना सोदपुर के सुखचर के बाजारपाड़ा इलाके में घटी। इस घटना में खड़दह थाना पुलिस चिराग गुहा नामक युवक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मारे गए फेरीवाले का नाम अकरम अली है। उनका घर कमारहटी इलाके में है। पुलिस ने बताया कि ऋण वसूलने के दौरान फेरीवाले अकरम का युवक से विवाद हो गया। आरोप है कि उसी युवक ने अकरम की हत्या कर उसका शव घर की छत पर छिपा दिया। स्थानीय लोगों को बदबू आने पर संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक के घर की तलाशी ली। शव घर की छत से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। हालाँकि, युवक की माँ फरार है। उसकी तलाश शुरू हो गई है।

## बेर खिलाने का लालच देकर बालिका से कुकर्म, दुष्कर्मी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र में एक 10 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देनेवाले बाघा उर्फ विकास राजवंशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 19 फरवरी को हुई इस घटना की जानकारी परिवार ने 24 फरवरी को पुलिस को दी। पीड़ित नाबालिक को आरोपी ने बेर का लालच देकर घर से दूर ले जाकर पोखर के पास सुनसान जगह पर दुष्कर्म किया था। एसपी अभिनव धीमन के आदेश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बाघा राजवंशी उर्फ विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग और आरोपी दोनों का मेडिकल जांच भी कराया है और आगे की जांच की जा रही है। नाबालिक द्वारा परिवार को घटना की जानकारी देने के बाद, परिवार ने थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास कुमार को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को ही नवादा के अस्पताल में दोनों का मेडिकल जांच कराया गया है और आगे की प्रक्रिया पुलिस द्वारा की जा रही है।

## महाशिवरात्रि को लेकर बैठक आयोजित




**सीवान।** अनुमंडल मुख्यालय के महाराजगंज में महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक महाराजगंज थाना परिसर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता महाराजगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन ने की। इस मौके पर महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले शिव बारात एवं शिव विवाह से लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। महाशिवरात्रि समिति के सदस्यों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धापूर्वक महाशिवरात्रि व्रत पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्रशासन को दी। प्रशासन ने इस अवसर पर सभी प्रकार की सुविधाओं एवं सुरक्षा देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार अपर थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार शांति समिति के सदस्य मोहन कुमार पद्माकर, लालबाबू प्रसाद, दिनेश प्रसाद,संजय सिंह राजपूत, हरिशंकर आशीष,सत्येन्द्र ठाकुर,मनोज त्यागी मुनमुन सिंह, मानवेंद्र कुमार अभय, ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ लोहा आदि उपस्थित थे।

# पीएम मोदी का बिहार के विकास में मिल रहा सहयोग : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**पटना/भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 9.80 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के रूप में कुल 22 हजार करोड़ हस्तांतरित किए। इसमें बिहार के 76 लाख किसान शामिल हैं। जिनके खाते में भी 1600 करोड़ रुपये भेजे गये हैं। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है, वहीं बिहार के विकास में भी सहयोग मिल रहा है। बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, ग्रीनफिल्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नगर के लिए वित्तीय सहायता, प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना का ऐलान किया गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी यहां आ गए हैं तो सिर्फ यहां का नहीं, बल्कि पूरे बिहार का विकास होगा। सीएम ने कहा कि अब इधर-उधर नहीं, बल्कि उन्हीं के सहयोग से बिहार को आगे ले जाएंगे। हम लोगों ने गरीब, दलित और पिछड़ों के उत्थान के लिए हमने काम किया है। पहले रात में कोई घरों से बाहर नहीं निकलता था। लेकिन आज पुरुष-महिला सब रात में घूमते हैं। सभी लोग पीएम मोदी के पक्ष में है और इसलिए पूरे देश का विकास होगा। साथ ही बिहार भी आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम का भी वो (राजद की सरकार) झगड़ा कराते थे। पढ़ाई की हालत खराब थी। इलाज का पूरा इंतजाम नहीं था। उन लोगों के समय में सड़कों का बुरा हाल था और बिजली तो बहुत कम थी। पटना में भी बिजली नहीं थी। पटना में मुश्किल से आठ घंटे बिजली रहती थी। उसके बाद हम लोगों ने काफी काम किया है। किसी प्रकार का डर नहीं है। प्रेम, भाईचारे का माहौल है।

उन्होंने कहा कि 24 नवम्बर, 2005 को सरकार में आने के बाद हम लोग लगातार बिहार के विकास में लगे हुए हैं। लोगों के सीधा संवाद करते हुए कहा कि याद है ना, जब पहली बार सरकार में आए थे तो क्या स्थिति थी। शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था और समाज में काफी विवाद होता था। हमारा शुरू से कृषि पर जोर देने का लक्ष्य रहा है। इसलिए कृषि रोड बनाकर कृषि के विकास के लिए काम किया गया। यह मैप लागू करने से कृषि का विकास हुआ है। इसके अलावा दूध, अंडा और मछली उत्पादन भी बढ़ा है। पहले यहां हम मछली दूसरे राज्यों से मंगवाते थे और अब हम आत्मनिर्भर हो गए हैं।

महाकुंभ के रास्ते में एक और सड़क हादसा

# नक्सलबाड़ी में एक तीर्थयात्री की मौत, 12 अन्य यात्री घायल

संवाददाता



**कोलकाता।** महाकुंभ जाने के रास्ते में एक और दुर्घटना। यह दुर्घटना सोमवार सुबह करीब छह बजे नक्सलबाड़ी के सतभैया से सटे स्कूलडांगी इलाके में हुई, जब यात्री महाकुंभ मेले के लिए असम से प्रयागराज जा रहे थे। तीर्थयात्रियों से भरी पिकअप वैन एक ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई। एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। अन्य 12 लोग घायल हो गये।

बताया जा रहा है कि तीर्थयात्री पिकअप वैन में सवार होकर असम से प्रयागराज जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। आमने-सामने की टक्कर में 13 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर नक्सलबाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को बचाकर नक्सलबाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की मौत हो गई।

घायलों को बाद में उत्तरबंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक का नाम निरंजन सरकार (35) है। वह असम का निवासी है। गोपाल दास नामक एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पिकअप वैन सिलीगुड़ी की ओर से नक्सलबाड़ी की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप वैन को टक्कर मार दी। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ लोगों की हालत गंभीर है। इस बीच, घटना के बाद से ट्रक चालक फरार हो गया है। नक्सलबाड़ी थाना की पुलिस घटना की जांच कर रही है।

महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त ने की बैठक

# तय समय में पूरी करें सभी तैयारियां, श्रद्धालुओं को ना हो कोई भी कठिनाई

● कहा- बारात गुजरने वाले पथ को अतिक्रमण मुक्त रखा जाय, साफ सफाई बेहतर रहे

संवाददाता



**दुमका।** महाशिवरात्रि को लेकर उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को निकाले जाने वाले शिव बारात को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाय।बारात निकलने वाले पथ को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखा जाय। उन्होंने सभी संबंधित विभाग को अपने कार्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को पूजा करने में कठिनाई नहीं हो, वे सुगमतापूर्वक पूजा अर्चना कर सकें इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम जरूरी दवाई के साथ उपस्थित रहेंगे ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थान चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि अग्निशमन वाहन एक्टिव मोड में रहे। सीसीटीवी के माध्यम से महत्वपूर्ण पॉइंट पर नजर रखी जाए।उन्होंने कहा कि साज सज्जा से संबंधित सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाय। विधुत सज्जा का कार्य बेहतर ढंग से किया जाय। उन्होंने कहा कि पार्किंग के संबंध में आवश्यक साइनेज लगाए जाएं लोगों को वाहन खड़ी करने में कठिनाई नहीं हो तथा यातायात भी प्रभावित नहीं हो। बैठक में वरीय अधिकारी,संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।

कोलकाता में दो अलग-अलग सड़क हादसा

# वेलिंगटन बस दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की मौत, रवींद्र सदन में एक महिला घायल

संवाददाता



**कोलकाता।** सप्ताह के पहले दिन सुबह सुबह कोलकाता में दो दुर्घटनाएं हुईं। एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई तथा एक महिला गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती है। सुबह करीब सात बजे वेलिंगटन चौराहे पर एक स्कूल बस की टक्कर से 76 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्टों के अनुसार, हालांकि दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग गया, लेकिन बाद में पुलिस ने उसे एंटाली से गिरफ्तार कर लिया। दूसरी दुर्घटना एक्साइड चौराहे के पास रवींद्र सदन में हुई। पीटीएस की ओर मोड़ते समय सरकारी व निजी बस की टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें एसएसकेएम में भर्ती कराया गया है।

पहली दुर्घटना सोमवार सुबह वेलिंगटन चौराहे पर हुई। सुबह करीब 7 बजे एक स्कूल बस ने सड़क पार कर रही शांति देवी नामक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। 76 वर्षीय महिला सड़क पर गिर गईं। उन्हें बचाकर एनआरएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी बीच स्कूल बस वृद्ध महिला को टक्कर मारने के बाद तेजी से भाग गई। जांच के बाद बौबाजार थाना की पुलिस ने एंटाली से ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी दुर्घटना सुबह करीब 9 बजे रवींद्र सदन के पास एक्साइड चौराहे पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक सरकारी और एक निजी बस मोड़ लेते समय एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। उस समय एक महिला सड़क पार कर रही थी। मैदान पुलिस स्टेशन के सामने बस की टक्कर लगने से वह गिर गए। पचास वर्ष की आयु वाली इस महिला को तुरंत बचा लिया गया और एसएसकेएम ले जाया गया। उनका ट्रॉमा केयर सेंटर में इलाज चल रहा है। हालांकि, अस्पताल सूत्रों ने बताया कि महिला की हालत गंभीर है। इन दोनों दुर्घटनाओं के कारण शहर के दोनों ओर यातायात जाम हो गया। यात्रियों को यातायात की भीड़ के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ा, विशेषकर एक्साइड चौराहे जैसी महत्वपूर्ण सड़कों पर। बाद में पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। हालाँकि, इस घटना ने शहर की सड़क सुरक्षा पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

# केजीबीवी में आधारभूत ढांचे के सुधार के लिए अदाणी फाउंडेशन की सराहना

संवाददाता



**गोड्डा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) के आधारभूत ढांचे और शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने में अहम योगदान देने के लिए अदाणी फाउंडेशन को सम्मानित किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मिथिला टुडू ने फाउंडेशन को यह सम्मान सौंपा।

ग्रामीण क्षेत्रों में हाशिए पर रहने वाले समुदायों की लड़कियों की शिक्षा को ध्यान में रख कर भारत सरकार द्वारा 2004 में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की शुरूआत की गई थी. इस योजना के तहत अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक समुदायों की लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है।

**अदाणी फाउंडेशन की पहल से हुआ बड़ा बदलाव**

गोड्डा जिले में अदाणी फाउंडेशन ने केजीबीवी विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इनमें आठवीं से दसवीं तक की छात्राओं के लिए कक्षाओं में स्मार्ट क्लास लगाने, सुरक्षित और स्वच्छ शौचालयों का नवीनीकरण, बाउंड्री वॉल का निर्माण, रसोई और भोजन क्षेत्र का नवीनीकरण तथा बाला पेंटिंग के माध्यम से दीवारों की सुंदरता बढ़ाने जैसे कार्य शामिल हैं। इन सुधारों से विद्यालयों का माहौल अधिक सुरक्षित और अनुकूल हुआ है, जिससे छात्राओं को पढ़ाई में बेहतर सुविधा मिल रही है।

**छात्राओं के उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि, ड्रॉपआउट दर में गिरावट**

अदाणी फाउंडेशन के इन प्रयासों का सकारात्मक असर विद्यालयों के प्रदर्शन पर भी पड़ा है। 2018 में जहां छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 46-48% था, वह अब बढ़कर 96-99% हो गया है। इसके अलावा छात्राओं की उपस्थिति दर में वृद्धि हुई है। नामांकन दर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ड्रॉपआउट दर 2018 में 8-9% थी, जो अब घटकर 2-3% रह गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मिथिला टुडू ने अदाणी फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि अगर सरकारी योजनाओं के साथ यदि निजी संस्थान भी इस तरह जुड़कर कार्य करें, तो शिक्षा और सामाजिक विकास में बड़ा बदलाव संभव है।

**अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बना गोड्डा का मॉडल**

गोड्डा जिले में अदाणी फाउंडेशन की यह पहल एक प्रेरणादायक मॉडल बन गई है। शिक्षा क्षेत्र में इस प्रकार के पहल और सहयोग से भविष्य में और भी बेहतर बदलाव लाने की उम्मीद की जा रही है।

## स्वामी प्रणवानंद जन्म जयंती और शिवरात्रि के अवसर पर कोलकाता में भव्य धार्मिक शोभायात्रा



संवाददाता

**कोलकाता।** भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद महाराज की 130वीं आविर्भाव तिथि के उपलक्ष्य में दक्षिण कोलकाता में एक भव्य और रंगारंग शोभायात्रा आयोजित की गई। शोभायात्रा के अग्रभाग में अश्वारोही संन्यासी मौजूद थे। हजारों भक्त, विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, क्लब और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग इस शोभायात्रा में शामिल हुए। राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग इस पदयात्रा में भाग लेने पहुंचे। पुरुलिया और बांकुड़ा से आए आदिवासी ढोल-नगाड़ों की ध्वनि, शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन और विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां शोभायात्रा के विशेष आकर्षण थे।

यह शोभायात्रा सोमवार दोपहर 1:30 बजे कोलकाता के बालीगंज स्थित भारत सेवाश्रम संघ के मुख्यालय से शुरू हुई। इसके बाद यह शोभायात्रा रासबिहारी एवेन्यू, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रोड, आशुतोष मुखर्जी रोड, रमेश मित्रा रोड, शरत बोस रोड, हाजरा रोड होते हुए पुनः बालीगंज में संपन्न हुई। संघ के प्रधान सचिव स्वामी विश्वात्मानंद महाराज ने इस शोभायात्रा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद सुधर्शना मुखर्जी भी उपस्थित रहीं। स्वामी विश्वात्मानंद महाराज ने बताया कि यह शोभायात्रा स्वामी प्रणवानंद जयंती और शिवरात्रि के अवसर पर आयोजित की गई है।

# दार्शनिक कृष्णचंद्र भट्टाचार्य की पुस्तक 'धर्म, दर्शन और समाज' का प्रकाशन

संवाददाता

**कोलकाता।** प्रसिद्ध दार्शनिक कृष्णचंद्र भट्टाचार्य के अप्रकाशित बंगाली निबंधों का संकलन धर्म, दर्शन और समाज पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुआ। इस पुस्तक का विमोचन कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय के एच. एल. राय ऑडिटोरियम में किया गया। कोलकाता विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व प्रोफेसर प्रबाल कुमार सेन ने इसका औपचारिक विमोचन किया।

कृष्णचंद्र भट्टाचार्य 20वीं शताब्दी के प्रमुख भारतीय दार्शनिकों में से एक थे। वह कोलकाता विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में पाँचवें जॉर्ज प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने बंगाली और अंग्रेजी में विभिन्न निबंध लिखे, जिनमें भारतीय दर्शन में हिंदू धर्म की प्रकृति, धार्मिक सुधारों का महत्व, सामाजिक सुधारों की गति और



भगवद गीता की व्याख्या सरल भाषा में प्रस्तुत की। उनके द्वारा लिखित पांडुलिपियों को संकलित कर इस पुस्तक का संपादन प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर निर्मल्य नारायण चक्रवर्ती ने किया। इस पुस्तक को देज पब्लिशर्स और भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर ने संयुक्त रूप से प्रकाशित किया है।

प्रोफेसर निर्मल्य नारायण चक्रवर्ती का कहना है कि यह ग्रंथ कृष्णचंद्र भट्टाचार्य के सामाजिक और धार्मिक विचारों को उजागर करता है। उन्होंने तत्कालीन समाज में धर्म और सामाजिक सुधार से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के उत्तर सरल तरीके से प्रस्तुत किए हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हैं। भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के डीन डॉ. सुमंत रुद्र ने बताया कि उनका संस्थान भारतीय दर्शन और प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण के कार्य में संलग्न है। उनका मानना है कि यह पुस्तक भारतीय दर्शन को और अधिक समृद्ध करेगी। इस पुस्तक की विषयवस्तु की व्याख्या प्रोफेसर अमिता चटर्जी ने की।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 25 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### हरिहरगंज में शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू कराने हेतु विशाल धरना प्रदर्शन



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के पुराने सीएचसी भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू कराने की मांग को लेकर 28 फरवरी को एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश कुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से धरना में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। श्री यादव ने बताया कि इलाज की समस्या गंभीर होती जा रही है और इसे दूर करने के लिए यह आंदोलन आवश्यक है। जब तक शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं हो जाता, यह संघर्ष जारी रहेगा। इस अभियान में कई स्थानीय नेता एवं ग्रामीणों की भारी भागीदारी रही।

### झंडा चौक के युवक ने गले में फंदा लगाकर की आत्महत्या, क्षेत्र में शोक की लहर



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के झंडा चौक निवासी गोपाल प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र गोविंद कुमार ने सोमवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव को फंदे से झूलता देख परिजनों ने उसे तुरंत सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना के एसआई बिगेश कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इस दुखद घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि गोविंद कुमार गांव-गांव घूमकर फेरी का काम करता था।

### भगवान भोले बाबा की प्राण प्रतिष्ठा में निकली भव्य कलश यात्रा



**पाटन।** ग्राम टंडवा शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आचार्य गोविंदाचार्य जी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। भोले बाबा के जयकारों से पूरा गांव भक्ति में डूब गया। टंडवा, महुलिया, तिलकुडीह के साथ आसपास के हजारों भक्तगण इस शोभायात्रा में शामिल हुए। मंदिर निर्माण का सपना संजोए हुए टंडवा ग्राम के ब्रजेश सिंह और उनके पुत्र त्रिपुरारी सिंह ने इस निर्माण कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। मंदिर निर्माण में सहयोगी दल में सरजू नारायण सिंह, शिवनाथ सिंह, धर्मदेव सिंह, उदय सिंह, जमुना सिंह, मनोज राम, अखलेश पांडे, गिरेंद्र सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, अजय सिंह, अनुज कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

### 30 वर्षीय महिला लापता, परिजन परेशान

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जूरु गांव निवासी स्वर्गीय कृष्ण मुरारी सिंह की पुत्री शीला कुमारी उम्र 30 वर्ष जो कि शादीशुदा और मानसिक रोगी है। रविवार की सुबह से वह अपने घर जुरु से लापता है। लापता होने के बाद परिजन उसे सगे संबंधियों सहित सभी जगह पर उसकी खोजबीन की परंतु अभी तक उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। वही लापता शीला कुमारी के परिजन थक हार कर लेस्लीगंज थाना में शीला कुमारी के लापता होने से संबंधित मामला दर्ज करा दिया है। वही लेस्लीगंज थाना में मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस भी लापता शीला कुमारी की तलाश में जुट गई है।

## सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता : उपायुक्त



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सफलता के लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस एवं एप्लीकेशन आवश्यक है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है और तकनीक का विस्तार हुआ है। ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। किसी काम को करने के लिए नींव को मजबूत करना जरूरी है। नींव को मजबूत करने के लिए मेहनत अति आवश्यक है। उपायुक्त आज 4वें जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में युवक-युवतियों को मार्गदर्शन कर रहे थे। मेला का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया।

## शिवरात्रि पूजा के दौरान होगा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया के झरिवा आहर में सार्वजनिक शिव मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी मेंत समिति के लोग जुट गये हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकार शिरकत करेंगे। भोजपुरी कलाकारा शिल्पी राज, माही मनीषा की जोड़ी गीत व नृत्य , सुर संग्राम के उप विजेता सह भोजपुरी कलाकार मंटु निराला द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावे कोलकाता के कलाकारों द्वारा गणेश उत्पति झांकी, समुद्र मंथन झांकी, शिव पार्वती विवाह झांकी , सती वियोग झांकी, शंकर-भाष्मासुर झांकी समेत कई झांकी प्रस्तुत किया जायेगा।

## छात्रावास में लगी आग, छात्रों में हड़कंप, प्रशासन ने लिया संज्ञान



संवाददाता

**बरवाडीह।** अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय छिपादोहर के छात्रावास के एक कमरे में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई, जिससे छात्रों में अफरा-तफरी मच गई।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे किसी भी छात्र को नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन बेड, कंबल, बॉक्स और किताबें जलकर राख हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही छिपादोहर थाना, स्थानीय मुखिया और प्रधानाचार्य के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया।

अंचलाधिकारी मनोज कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आग के सही कारणों की जांच की जाएगी और प्रभावित छात्रों को आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। गनीमत रही कि घटना के समय सभी छात्र कक्षा में थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

## द्वितीय उप जिला पाल प्रत्याशी कंचन साहू को मिला लायंस विशाल का जबरदस्त समर्थन



संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष ला. नंदलाल प्रसाद ने की। इस बैठक में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला. डॉ. आर.एन.एस. दिवाकर के मार्गदर्शन में यह निर्णय लिया गया कि लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ में द्वितीय उप जिला पाल पद हेतु गढ़वा फ्रेटरनिटी से एमजेएफ कंचन साहू को संपूर्ण समर्थन दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कंचन साहू की योग्यता और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए उनके समर्थन में खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई। इस बैठक से पूर्व लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया। क्लब पिछले कई वर्षों से टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रत्येक माह नए मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया जाता है। इस अभियान में प्रमुख रूप से डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ. एन.के. रजक, डॉ. अरशद अंसारी, डॉ. अर्जुन विश्वकर्मा, ब्रजमोहन प्रसाद, सफदर अली खान, रघुवीर प्रसाद, देवानंद शर्मा, वेंकटेश्वर नारायण, गिरिश कमलापुरी और क्लब पीआरओ शौकत खान उपस्थित रहे।

## रामनवमी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर हुई बैठक



संवाददाता

**हरिहरगंज।** रामनवमी पूजा धूमधाम के साथ मनाने को लेकर हरिहरगंज थाना के समीप महावीर मंदिर प्रांगण में विमलेश पाठक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जानकारी देते हुए चंदन जायसवाल ने बताया कि बैठक के दौरान कमेटी का विस्तार करते हुए रामनवमी पूजा भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामनवमी पूजा और जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर रामनवमी पूजा समिति का विस्तार किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बल्लू बलराम, सचिव सोनू जायसवाल, कोषाध्यक्ष करण राजवीर, अखाड़ा मंत्री रामजी सिंह, पूजा मंत्री सौरव पाठक, भंडारा मंत्री पुरुषोत्तम जायसवाल, उपाध्यक्ष दिलीप रजक, राजेश शौंडिक, उपसचिव उत्कर्ष जायसवाल, मिट्ठू गुप्ता, पवन कुमार, उपकोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, रविकांत कुमार, विकास कुमार, प्रेम गौरव सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा : सुरेश कुमार



संवाददाता

**छतरपुर।** माता सबरी जयंती के शुभ अवसर पर करमाकला डैम स्थित माता सबरी मंदिर परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद मनोज भुइयां, पूर्व विधायक पुष्पा देवी एवं नगर पंचायत के चेयरमैन पद के उम्मीदवार इंजीनियर सुरेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजीनियर सुरेश कुमार ने कहा कि हमारे समाज का उत्थान केवल शिक्षा के माध्यम से संभव है। शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इसे ग्रहण करेगा वही जीवन में दहाड़ेगा।₹ उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना अस्त्र बनाया और समाज में एक आदर्श स्थापित किया।भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए इंजीनियर सुरेश कुमार ने कहा कि जब वह अयोध्या के राजा बनने जा रहे थे, तब परिस्थितिवश उन्हें 14 वर्षों के लिए वनवास जाना पड़ा। लेकिन उन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया और अंततः भगवान के रूप में पूजे जाने लगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी चुनौतियों को स्वीकार करें, उनका डटकर सामना करें और अपने समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में योगदान दें।

## कांडी: बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कब तक




संवाददाता

**कांडी।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय सुंडीपुर में अनियमितताओं का बोलबाला है। स्कूल प्रशासन की लापरवाही के कारण बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है, लेकिन अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। यह विद्यालय प्रखंड मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित है, जहां ग्रामीण गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन यहां शिक्षकों की गैर-जिम्मेदाराना हरकतें शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर रही हैं। स्थानीय लोगों और छात्रों के अनुसार, शिक्षक केवल बायोमेट्रिक हाजिरी लगाकर चले जाते हैं, जिससे कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं। विद्यालय के छात्रों ने बताया कि शिक्षक नियमित रूप से समय पर स्कूल नहीं आते, और जब आते भी हैं, तो उपस्थिति दर्ज कर तुरंत चले जाते हैं। इस लापरवाही का असर यह है कि कई बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में सड़क पर घूमते नजर आते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। स्कूल के पास से मुख्य सड़क गुजरती है, जहां वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे किसी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।स्थानीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह ने बताया कि विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल में शिक्षकों की मनमानी चरम पर है और प्राचार्य की कोई पकड़ नहीं है।

उनका कहना है कि विद्यालय में प्रबंधन समिति का चुनाव हुए एक महीना बीत चुका है, लेकिन अब तक समिति सक्रिय नहीं हो पाई है।मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि विद्यालय में मिलने वाले मिड-डे मील में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हो रही है। रसोइयों द्वारा बच्चों के भोजन का एक हिस्सा घर ले जाने की शिकायतें मिली हैं, जिससे बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पा रहा है।जब इस मामले में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से सवाल किया गया, तो उन्होंने विद्यालय प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। हालांकि, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने मांग की है कि शिक्षकों का स्थानांतरण कर नए शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि विद्यालय की स्थिति में सुधार हो सके। विद्यालय की स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में सवाल उठता है कि शिक्षा विभाग कब तक मूकदर्शक बना रहेगा? यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।

## मुखिया ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण, जताई नाराजगी



संवाददाता

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी ने पंचायत के शोभिचक, पीठारी, रोंघा, बिश्रामपुर आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं को मिलने वाली मिड डे मील की व्यवस्था नहीं थी। कई स्कूलों में समय से पहले ही ताला लटका हुआ पाया गया। इस पर मुखिया ने संबंधित प्रधानाध्यापक को फोन कर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बच्चों की शिक्षा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सुआ कौड़िया में महाशिवरात्रि पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया के झरिवा आहर स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है और इसे सफल बनाने के लिए सभी कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार शिल्पी राज, माही मनीषा तथा सुर संग्राम के उप विजेता सह भोजपुरी गायक मंटु निराला अपनी प्रस्तुतियों से समा बांधेंगे। इसके अलावा, कोलकाता के कलाकारों द्वारा गणेश उत्पत्ति, समुद्र मंथन, शिव-पार्वती विवाह, सती वियोग, शंकर-भस्मासुर आदि की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात समेत कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, 25 फरवरी की सुबह भजन सम्राट कुमार आर्जुन द्वारा भजन और अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा। मुख्य संरक्षक मुकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदर थाना पुलिस और स्वयंसेवकों को विशेष रूप से सक्रिय किया गया है। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष नंदू सिंह, सचिव देवेंद्र ठाकुर, उप सचिव अजीत सिंह, महामंत्री टाइगर कुमार, सह संरक्षक दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साव, सदस्य राजेश गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, कई वाहनों का काटा चालान

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सोमवार को शदिक चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा बिना हेलमेट और लाइसेंस के दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया।

पकड़े गए सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से शहर थाना में रखा गया है। वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पांच ट्रक और एक ई रिक्शा वाहन को भी यातायात नियम का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया।इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा पकड़े गए सभी वाहनों को फाइन के लिए परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है। पकड़े गए सभी वाहनों का टोटल चालान 37,754 रुपया किया गया है। वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि लाख प्रयास के बाद भी लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। जिसके वजह से आए दिन लोगों को चालान भरना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कहा की कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन ना चलाएं। यदि बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए फाइन किया जाएगा।

मौके पर ट्रैफिक सहायक पुलिस के जवान हरेंद्र कुमार,शीतल पजापति, प्रभात कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे।

## कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है : नंदन सिंह




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आगंतुकों का मन मोह लिया।वही मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथियो ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रिंसिपल दुर्गेश नंदन सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मौके पर उपस्थित प्रिंसिपल दुर्गेश नंदन सिंह ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर मे बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाने का भी कार्य किया जा रहा है। शिक्षक- शिक्षिकाओं के प्रयास से छात्र- छात्राएं न केवल अच्छा परिणाम दे रहे हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता को बरकरार बनाए रखने में भी अहम योगदान निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखरने का मौके मिलता है और समाज में कैसे आगे बढ़ना है, नई ऊंचाइयों को कैसे छूना है, यह सीखने का मौका मिलता है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के जीवन में निखार आता है और शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार जताया।

मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका सुशीला, राजीव, अजित, चंदन कुमार, काजल मंडल, अंजनी, रिशिकेश, परमीद भुवला, वेद प्रकाश, हिमांशु कुमार, उपेंद्र पाठक, रंजना कुमारी, रितेश कुमार, आराधना, वंदना कुमारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### युगांडा ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की



**कंपाला।** युगांडा टीन क्रेन्स के मुख्य कोच शेरिल बोट्स ने आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2025 क्वालीफायर के लिए टीम की घोषणा कर दी है। युगांडा की टीम 8 मार्च को क्वालीफायर के दूसरे दौर में केन्या की मेजबानी करेगी, जबकि रिटर्न लेग आठ दिन बाद नैरोबी में खेला जाएगा। युगांडा ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को 18-1 के बड़े अंतर से हराया था। यदि टीन क्रेन्स अगले चरण में आगे बढ़ती है, तो तीसरे दौर में उसका मुकाबला कैमरून और इथियोपिया के बीच विजेता से होगा। इस चरण की विजेता टीमों में से चार को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि मोरक्को, जो इस प्रतिष्ठित टूनामेंट की मेजबानी करेगा, पहले ही स्वचालित रूप से विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। यह प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से 8 नवंबर, 2025 तक आयोजित होगी।

### आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने विराट कोहली को 14 हजार वनडे रन पूरे करने पर दी बधाई




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को अपना 51वां एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (ओडीआई) शतक बनाने और 50 ओवर के प्रारूप में 14000 रन पूरे करने पर बधाई दी। कोहली ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान वनडे क्रिकेट में 14,000 रन पूरे किए, ऐसा करने वाले वे केवल तीसरे क्रिकेटर बन गए। जय शाह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कोहली के कवर ड्राइव की प्रशंसा की, जिसने उन्हें 14000 मील के पत्थर तक पहुंचाया। उन्होंने एक्स पर लिखा दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान 14,000 वनडे रन पार करने पर विराट कोहली को बधाई और मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए क्या शानदार कवर ड्राइव थी। कोहली ने 111 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए, जिसे देखना वाकई शानदार था। उनकी पारी 90.09 की स्ट्राइक रेट से आई, जिससे भारत ने पाकिस्तान के 241 रनों के स्कोर को आसानी से हासिल कर लिया। यह कोहली का आईसीसी वनडे मुकाबलों में छठा और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पहला शतक था।

### चैंपियंस ट्रॉफीः पाकिस्तान की स्पिन रणनीति पर रिजवान ने दी सफाई

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। रविवार को भारत के खिलाफ छह विकेट से हार झेलने के बाद पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम का सफर लगभग समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा फिलहाल, हम कह सकते हैं कि यह खत्म हो गया है। यह सच्चाई है। हालांकि, पाकिस्तान अभी आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच से पहले उसे अन्य मैचों में कुछ अनुकूल परिणामों की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से, उसे न्यूजीलैंड पर बांग्लादेश की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद होगी। रिजवान ने कहा कि वह किसी और के प्रदर्शन पर निर्भर रहकर आगे बढ़ना पसंद नहीं करते। उन्होंने स्पष्ट किया, एक कप्तान के रूप में, मुझे यह पसंद नहीं है। अगर आप जीत सकते हैं, तो ऐसा करें। यदि आप नहीं कर सकते, तो इसके बारे में चिंता न करें। अगर आप किसी और की छाया में बैठे हैं, तो मुझे इसकी परवाह नहीं है।

# निखिल ने देश में खेल फोटोग्राफी के क्षेत्र में नया कीर्तिमान किया स्थापित

**बेंगलुरु। एजेंसी**

मुंबई के जाने-माने फोटोग्राफर निखिल पाटिल ने भारतीय खेल फोटोग्राफी पुरस्कार (आईएसपीए) 2025 जीतकर देश में खेल फोटोग्राफी के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री के 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच के ऐतिहासिक क्षण को शानदार तरीके से कैद करने के लिए प्रदान किया गया। आईएसपीए 2025 का आयोजन बेंगलुरु इंटरनेशनल सेंटर में हुआ, जहां देश के बेहतरीन खेल फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला खेल श्रेणी में नेहा गनेरीवाल और क्रिकेट श्रेणी में संदीप परशुराम पंगेरकर को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला।



**गगन नारंग ने दी विजेताओं को बधाई**

गगन नारंग ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा खेल फोटोग्राफी सिर्फ एक्शन को कैप्चर करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन पलों को संजोने का जरिया है जो एक कहानी कहते हैं, पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं और खेल भावना का जश्न मनाते हैं। इस साल के विजेताओं ने अपनी तस्वीरों के माध्यम से यही दिखाया है हर फ्रेम एक गहरी कहानी बयां करता है। उन्होंने विजेता छवियों पर चर्चा करते हुए कहा सुनील छेत्री द्वारा भीड़ को धन्यवाद देने का पल समर्पण और जुनून को दशार्ता है। क्रिकेट की तस्वीर में सभी विषयों को हवा में दिखाया गया है, जो खेल की गति और ऊर्जा को खूबसूरती से उकेरती है। साइमन बाइल्स की तस्वीर कठिन पलों को कैद करते हुए हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि एक खिलाड़ी अपने करियर में कितनी मेहनत और संघर्ष करता है।

**आईएसपीए खेल फोटोग्राफी के लिए नई परंपरा की शुरुआत**

आईएसपीए 2025 के पीछे प्रमुख प्रेरणास्त्रोत पॉज़िटिव स्पोर्ट्स वाइब कम्युनिटी के संस्थापक पॉल आर ने कहा इस पुरस्कार का उद्देश्य उन फोटोग्राफरों को सम्मानित करना है जो अपने लेंस के माध्यम से खेल को जीवंत बनाते हैं। इस उद्घाटन संस्करण ने भारत में खेल फोटोग्राफी की शक्ति को पहचानने के लिए एक नई परंपरा की नींव रखी है। हमने जो प्रतिभा देखी है, वह एक अविश्वसनीय शुरुआत है। आईएसपीए 2025 की सफलता भारतीय खेल फोटोग्राफी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रही है। यह आयोजन अब देश के बेहतरीन दृश्य कथाकारों के लिए एक वार्षिक उत्सव के रूप में स्थापित होने की ओर बढ़ रहा है।

**गगन नारंग की अध्यक्षता में हुआ निर्णायक मंडल का गठन**

**इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए प्रविष्टियों का मूल्यांकन ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग की अध्यक्षता में किया गया। हालांकि वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन प्रसिद्ध खेल पत्रकार शारदा उग्रा ने उनकी ओर से विजेताओं की घोषणा की।**

## महत्वपूर्ण मुकाबले में बल्लेबाजी करना शानदार रहा : कोहली

**दुबई। एजेंसी**



भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एकदिवसीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी छाप छोड़ी। कोहली ने 111 गेंदों में नाबाद 100 रनों की पारी खेलते हुए भारत को एक महत्वपूर्ण जीत दिलाई और अपना 51वां वनडे शतक पूरा किया। इस जीत के साथ पाकिस्तान के चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने की संभावना और बढ़ गई है। अगर न्यूजीलैंड सोमवार (24 फरवरी) को बांग्लादेश को हरा देता है, तो पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो सकता है। भारत ने 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा (20) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन कोहली ने शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर के साथ साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गिल ने शाहीन अफरीदी के शुरूआती स्पैल का शानदार सामना करते हुए 46 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे भारत ने पहले 10 ओवरों में 64/1 का स्कोर बना लिया। मैच के बाद कोहली ने कहा महत्वपूर्ण मुकाबले में इस तरह से बल्लेबाजी करना शानदार रहा। हमारा लक्ष्य था कि बीच के ओवरों में ज्यादा जोखिम न लेकर स्पिनरों के खिलाफ नियंत्रण बनाए रखें। श्रेयस ने अंत में तेजी लाई और मुझे भी कुछ बाउंड्री लगाने का मौका मिला।

पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने रोहित शर्मा (20) को जल्दी पवेलियन भेजकर भारत को झटका दिया, लेकिन गिल और कोहली ने सुनिश्चित किया कि टीम पर कोई दबाव न आए। कोहली की स्ट्राइक रोटेशन और गिल की आक्रामक बल्लेबाजी ने भारत को पावरप्ले में मजबूत स्थिति में ला दिया।

## इंदिरा गांधी कॉलेज बना महिला हैंडबॉल और कबड्डी का इंटर कॉलेज चैंपियन

**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली विश्वविद्यालय की इंटर कॉलेज चैंपियनशिप 2024-25 में इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान की महिला हैंडबॉल और कबड्डी टीमों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज में हुए महिला हैंडबॉल फाइनल में इंदिरा गांधी कॉलेज की टीम ने जीसस एंड मेरी कॉलेज को 15-8 के स्कोर से हराकर चैंपियन बनी। कप्तान आकांशा के नेतृत्व में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल और तालमेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन इंदिरा गांधी कॉलेज की टीम ने फाइनल में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया।



● सफलता न केवल कॉलेज के लिए गर्व का विषय है, बल्कि विश्वविद्यालय स्तर पर महिला खेलों की बढ़ती प्रतिष्ठा का भी प्रमाण है

**नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कैंप में 9 खिलाड़ियों का चयन**

इस उपलब्धि के बाद इंदिरा गांधी कॉलेज की 9 खिलाड़ियों को नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कैंप के लिए चुना गया है। चयनित खिलाड़ियों में आकांशा, तनीषा, रुखसार बानो, काजल, अंजलि, खुशबू, भाविका, तनीषा बनर्जी और रिया त्यागी शामिल हैं। यह चयन इन खिलाड़ियों के शानदार खेल और भविष्य की संभावनाओं को दशार्ता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में आयोजित महिला इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट के फाइनल में इंदिरा गांधी कॉलेज की टीम ने लक्ष्मी बाई कॉलेज को 89-14 के बड़े अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट में इंदिरा गांधी कॉलेज का दबदबा रहा। टीम ने अपने मुकाबलों में सत्यवती कॉलेज को 34-4, एसपीएम कॉलेज को 46-23, दयाल सिंह कॉलेज को 62-7 और फाइनल में लक्ष्मी बाई कॉलेज को हराया।

चार खिलाड़ी नॉर्थ जोन यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में शामिल इंदिरा गांधी कॉलेज की कबड्डी टीम की चार खिलाड़ी श्रुति रौतेला (बीपीईडी), अंजलि (बीएससी श्कसेमेस्टर), दीपिका (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) और रुखसाना (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) ने नॉर्थ जोन यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। संस्थान की इन उपलब्धियों के पीछे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ कॉलेज प्रशासन का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर संदीप तिवारी, शासी निकाय के अध्यक्ष वरिष्ठ प्रोफेसर बिनय कुमार और कोषाध्यक्ष वरिष्ठ प्रोफेसर सुभो मजूमदार के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से टीम को शानदार प्रदर्शन करने में मदद मिली।


**संस्थान की दोहरी जीत, खेल में बढ़ती उत्कृष्टता**

इंदिरा गांधी कॉलेज की यह दोहरी जीत महिला खिलाड़ियों की क्षमता, अनुशासन और मेहनत को दशार्ती है। यह सफलता न केवल कॉलेज के लिए गर्व का विषय है, बल्कि विश्वविद्यालय स्तर पर महिला खेलों की बढ़ती प्रतिष्ठा का भी प्रमाण है।

## डच फुटबॉल क्लब फेयेनोर्ड के मुख्य कोच बने रॉबिन वैन पर्सी

**द हेग। एजेंसी**

डच फुटबॉल क्लब फेयेनोर्ड ने अपने पूर्व खिलाड़ी रॉबिन वैन पर्सी को तत्काल प्रभाव से मुख्य कोच नियुक्त किया है। 42 वर्षीय वैन पर्सी, एससी हीरेनवीन से ब्रायन प्रिस्के की जगह लेंगे, जिन्हें 10 फरवरी को बर्खास्त कर दिया गया था। अंतरिम रूप से पास्कल बॉसचार्ट टीम का नेतृत्व कर रहे थे। नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर वैन पर्सी ने 2027 के मध्य तक फेयेनोर्ड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। क्लब ने सहायक कोच के रूप में रेने हेक को भी शामिल किया है, जिन्होंने पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड में एरिक टेन हाग के सहायक के रूप में काम किया था। फेयेनोर्ड के महाप्रबंधक डेनिस ते क्लोसे ने कहा हमें खुशी है कि हम क्लब के एक सच्चे आइकन को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त कर रहे हैं। रॉबिन क्लब को अच्छी तरह से जानते हैं और सफलता के लिए आवश्यकताओं को समझते हैं।



### इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

**नई दिल्ली। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट इंडियन वेल्स में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने एक्स पर लिखा एक दिग्गज रेगिस्तान में लौट आया है, जिससे इस बात की चिंता समाप्त हो गई कि वह खेलेंगे या नहीं। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता पिछले महीने अलेक्जेंडर जेवेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल से हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण रिटायर्ड हो गए थे। वह पिछले हफ्ते कतर ओपन के पहले दौर में हार गए थे। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने दोहा में बिना दर्द के खेला, लेकिन उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने प्रशंसकों के बीच चिंता पैदा कर दी कि वह दक्षिणी कैलिफोर्निया के इस आयोजन में नहीं खेलेंगे।**

## वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

**लॉस एंजिल्स। एजेंसी**

पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स अगले महीने होने वाले इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगी। हालांकि उन्हें डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया था। 44 वर्षीय अमेरिकी स्टार, जिन्होंने पिछले सीजन में सिर्फ दो टूर्नामेंट खेले थे, ने डेनमार्क में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्हें टूर्नामेंट की आधिकारिक घोषणा से पहले वाइल्ड कार्ड मिलने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। विलियम्स ने डेनमार्क के नेस्टवेड शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा मुझे यह घोषणा बहुत मनोरंजक लगी। लोग खुश लग रहे थे, तो मैंने सोचा, 'शायद मैं इसके साथ ही चलूं, मुझे नहीं पता'। इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के निदेशक टॉमी हास ने बाद में एक आधिकारिक बयान जारी कर वीनस विलियम्स के नाम वापसी की पुष्टि की। उन्होंने कहा हमारी टीम को सूचित किया गया है कि वीनस इस साल वाइल्ड कार्ड स्वीकार नहीं कर रही हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और भविष्य में इंडियन वेल्स में उनकी वापसी की उम्मीद करते हैं।



# व्यापार

## भविष्य को आकार देने में आईएलओ के साथ गहन जुड़ाव की आशा करते हैं : मंडाविया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ हुंगबो के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने श्रम कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने के लिए सहयोग पर चर्चा की। मंडाविया ने एक्स पोस्ट में कहाश्रम कल्याण और सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ाने के लिए सहयोग पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो के साथ एक उपयोगी द्विपक्षीय बैठक हुई।



उन्होंने इस बातचीत के दौरान विकासशील भारत 2047 और जी-20 प्राथमिकताओं के साथ कार्यबल लचीलेपन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मंडाविया ने कहा कि वह अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य को आकार देने में आईएलओ के साथ गहन जुड़ाव की आशा करते हैं। इस दौरान विकसित भारत 2047 और जी20 प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाते हुए कार्यबल लचीलेपन के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य को आकार देने में आईएलओ के साथ गहन जुड़ाव की आशा करते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में आईएलओ का पहला कार्यालय 1928 में खोला गया था। आईएलओ के मुताबिक आज भारत के लिए आईएलओ का कंट्री ऑफिस और दक्षिण एशिया के लिए डिसेंट वर्क टेक्निकल सपोर्ट टीम (डब्ल्यूटीओ) तकनीकी उत्कृष्टता का केंद्र है, जो समावेशी विकास और सतत विकास के लिए डिसेंट वर्क को साकार करने में दक्षिण एशिया के सभी देशों का समर्थन करता है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में कुछ देर के लिए मामूली तेजी भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.97 प्रतिशत और निफ्टी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, आयशर मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीपीसीएल और सन फार्मास्युटिकल्स के शेयर 1.27 प्रतिशत से लेकर 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एचसीएल टेक्नोलॉजी, विप्रो, श्रीराम फाइनेंस, इंफोसिस और टेक महिंद्रा के शेयर 2.74 प्रतिशत से लेकर 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,483 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।



### सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 87,760 रुपये से लेकर 87,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 80,440 रुपये से लेकर 80,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 1,00,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।**

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में भी बिकवाली का दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी बिकवाली का दबाव बना हुआ है। स्लो डाउन और महंगाई की चिंता के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में घबराहट का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 750 अंक टूट गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 102.55 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,014.97 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 428.87 अंक यानी 2.15 प्रतिशत फिसल कर 19,533.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 180.47 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45,608.49 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बन रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,659.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



# संक्षिप्त खबरें

## कवर्धा में ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंदा, मौके पर ही मौत

**कवर्धा।** कवर्धा जिले में सोमवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला है। धान से लदे ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे को जाम कर दिया है। प्रशासन से 50 लाख रुपये के मुआवजा राशि देने की मांग कर रहे हैं। घटना सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। नेशनल हाइवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग के मिनीमाता चौक के पास ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंदा है।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**राजगढ़।** सारंगपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चतुरुखेड़ी में अपनी बहन के घर आई 50 वर्षीय महिला सोमवार सुबह बाथरुम में बिजली के फैले तारों की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम खिलचीपुर निवासी निशारबी पत्नी सरीफखां की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

**राजगढ़।** सारंगपुर थाना क्षेत्र में ग्राम पाड़ल्या रोड़ स्थित वेअरहाउस के समीप तेज रफ्तार दो बाइकें आमने-सामने से भिड़ गई, हादसे में बाइक चालक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई वहीं दूसरी बाइक चालक को गंभीर चोटें लगी। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम पाड़ल्या रोड़ स्थित वेअरहाउस के समीप तेज रफ्तार दो बाइक के आमने- सामने से भिड़ गई, हादसे में बाइक चालक दीपक पुत्र बाबूलाल सोनगिरा निवासी बिगनोदीपुरा को गंभीर चोटें लगी, जिसकी सिविल अस्पताल सारंगपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## महाकुम्भ के आयोजन में हर पहलू का रखा गया विशेष ध्यान : प्रेमचन्द्र अग्रवाल



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के आयोजन में हर पहलू का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले भक्तों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और शांति पूर्ण वातावरण मिल सके। यह बात सोमवार को परमार्थ निकेतन आश्रम शिविर में पहुंचे वित्त, शहरी विकास एवं आवास मंत्री संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राज्य और केंद्र सरकार ने बहुत बेहतर इन्तजाम किया है। इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से एक दिव्य भेंटवार्ता की। इस मुलाकात में प्रेमचन्द अग्रवाल ने स्वामी और साध्वी आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद, स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने हिमालय की हरित भेंट, रूद्राक्ष का पौधा दोनों नेताओं को भेंट किया। श्री अग्रवाल ने विश्व शान्ति हवन में आहुतियां अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के महत्व को साझा किया।

## खाई में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के पोहरी थाना क्षेत्र में नगरा रोड के किनारे खाई में एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान झिरी गांव निवासी सालगिराम पुत्र आसाराम शाक्य के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सालिगराम अपने गांव वापस लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। यह पता नहीं चल सका है कि बाइक बेकाबू होकर खाई में गिरी या किसी वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अगर रात में ही किसी की नजर पड़ी होती और समय पर इलाज मिल जाता, तो शायद सालिगराम की जान बच सकती थी।

## नमकीन फैक्टरी में लगी आग, बुझाने में दमकल की कई गाड़ियां जुटी

**लखनऊ।** सरोजनी नगर के नादरगंज इलाके में सोमवार सुबह एक नमकीन फैक्टरी में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों की मदद से करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत से फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाया गया । नादरगंज इलाके में वासूदेव चावला की महेश नाम से नमकीन की फैक्ट्री है। सोमवार भोर के वक्त फैक्ट्री में आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया।

## बोरवेल में फंसे पांच साल के बच्चे की मौत

**झालावाड़।** जिले के डग थानातंगत पाडला गांव में 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे (प्रह्लाद) को नहीं बचाया जा सका। तेरह घंटे बाद उसका शव रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। एसडीआरएफ की टीम कई घंटे से उसे बचाने में जुटी थी। प्रह्लाद बोरवेल में 30 फीट नीचे फंसा हुआ था। शुरुआत में बच्चे की आवाज सुनाई दे रही थी। पथरीला इलाका होने के कारण बचाव कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को किया संबोधित

# मोदी के नेतृत्व में मप्र सरकार विकास में लगातार बढ़ रही आगे : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सोमवार से दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 का शुभारंभ हो गया है। समिट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल देश की स्वच्छतम राजधानियों में से एक है। यहां आप सभी का स्वागत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास में लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास की अवधारणा दी है। जो दशार्ता है हर क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में निवेश की बड़ी संभावनाओं के साथ प्रदेश सरकार केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। पर्यटन के सेक्टर में यहां का ईको सिस्टम भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल की पहचान गैस त्रासदी से होती थी। आज के बाद भोपाल ग्लोबल रूप से नई पहचान बनाने जा रहा है। मध्य प्रदेश में संपदा भरपूर है। हमने पांच वर्ष में अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक वर्ष पूर्व औद्योगिक विकास की यात्रा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रारंभ की। मुंबई, कोयंबटूर, दिल्ली में कार्यक्रम किए। निवेश नीति पर हम काम कर रहे हैं। 18 नई नीतियां लेकर आए हैं। नियम प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष बना रहे हैं। प्रदेश में निवेश के लिए बहुत सकारात्मक वातावरण है। नए औद्योगिक पार्क बना रहे हैं।

### मप्र की 11 विशेषताओं का डिजिटल अनुभव

**ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार करती मध्य प्रदेश की नदी जोड़ो परियोजना, धार का पीएम मित्र पार्क और कूनो में चीतों के कुनबा सहित प्रदेश की 11 विशेषताओं का डिजिटल अनुभव किया जा सकेगा। जीआईएस में सात विभागीय सम्मेलन होंगे, जिनमें आईटी प्रौद्योगिक, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यरण, खनन, एमएसएमई, स्टार्टअप, नगरीय विकास और प्रवासी महाकुंभ होगा। जीआईएस के लिए 31,659 पंजीयन हुए है।**

## सड़क दुर्घटना : यातायात नियमों का पालन करें वाहन चालक : हरिभाऊ

**बीकानेर। एजेंसी**



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सड़कों पर बढ़ते वाहनों के अत्यधिक दवाब के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह बेहद चिंताजनक है। इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वाहन चालकों को स्वप्रेरित होकर यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को बीकानेर के राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के सभागार में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग और ट्रोमा सेंटर द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यशाला के दौरान यह उद्गार व्यक्त किए। राज्यपाल बागडे ने कहा कि सड़क सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर यह पहल महत्वपूर्ण है। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए आमजन को यातायात नियमों की पालना के मार्गदर्शन के साथ सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए निरंतर जागरूक किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी एक माह को 'नो एक्सीडेंट मंथ' के रूप में मनाया जाए। इसके लिए प्रचार-प्रसार का विशेष अभियान चलाया जाए। इसके लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं, जिससे बीकानेर इस क्षेत्र में नजीर बने। राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षित परिवहन आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी के 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा

**वाशिंगटन। एजेंसी**

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक झटके में रातों-रात यूनाइडेट स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के लगभग 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया है। यह फैसला रात 11:59 बजे से प्रभावी हो गया है। यूएसएआईडी की नोटिस के अनुसार यह फैसला मिशन के महत्वपूर्ण कार्यों, मुख्य नेतृत्व और विशेष रूप से नामित कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार नामित कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी कर्मचारियों पर लागू होगा। नोटिस में कहा गया है कि लगभग 1600 कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक अवकाश पर रखा जाएगा। इनके लाभों और अधिकारों के बारे में अतिरिक्त निर्देश और विशिष्ट सूचना मिलते ही साझा की जाएगी।

### पोप फ्रांसिस की हालत नाजुक, दोनों फेफड़ों में संक्रमण

**वेटिकन सिटी। वयोवृद्ध पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर बनी हुई है। वह कुछ समय से अस्वस्थ हैं। ताजा रक्त परीक्षण में गुर्दे की विफलता के हल्के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने रविवार सुबह जेमेली अस्पताल की 10वीं मंजिल पर स्थापित अपार्टमेंट से पवित्र मास में भाग लिया। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर में वेटिकन के हवाले से यह जानकारी दी गई। वेटिकन ने रविवार को जारी बयान में कहा कि 88 वर्षीय पोप अपने दोनों फेफड़ों में निमोनिया के संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें एक सप्ताह पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें लगातार ऑक्सीजन दी जा रही है। वेटिकन ने कहा कि उनकी स्थिति दिन-प्रतिदिन जटिल हो रही है। फ्रांसिस दोनों फेफड़ों में निमोनिया के निदान के बाद अस्पताल में रहेंगे। ऑरलैंडो हेल्थ मेडिकल ग्रुप यूरोलॉजी के डॉ. जैमिन ब्रह्मभट्ट ने कहा है कि उनकी हालत अभी भी काफी गंभीर है। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी को पोप फ्रांसिस के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 फरवरी को जयंती समारोह रद्द कर दिया गया था। यही नहीं, सिनेसिटा में पोप फ्रांसिस के साथ 17 फरवरी को होने वाली कलाकारों की बैठक को भी रद्द कर दिया गया। पोप फ्रांसिस का असल नाम जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो है।**

## बदलती अंतराष्ट्रीय परिस्थिति से नेपाल अछूता नहीं रहने वाला : प्रधान सेनापति

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल अशोक सिग्देल ने सैन्य कमांडरों की बैठक में सोमवार को कहा कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ ही बदलती अंतराष्ट्रीय परिस्थिति के असर से नेपाल अछूता नहीं रहने वाला है। जिस तीव्र गति से अमेरिकी नीति में परिवर्तन हो रहा है, उसका सीधा असर नेपाल पर भी होने वाला है।

नेपाली सेना के सभी कमांड के प्रमुख और सभी उच्च अधिकारियों के सम्मेलन में प्रधान सेनापति ने कहा कि बदलती भू राजनीतिक परिस्थिति का बड़ा असर नेपाल की सुरक्षा चुनौतियों पर भी होने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच तनाव कम होना दक्षिण एशिया के लिए ही सुखद खबर है, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती नजदीकी और भारत के इन दोनों देशों के तनाव भरे संबंध से नेपाल की सुरक्षा चुनौती बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच खुली सीमा सुरक्षा के लिहाज से चुनौती भरी है। प्रधान सेनापति ने कहा कि नेपाल अपनी भूमि को किसी भी दूसरे देश के खिलाफ प्रयोग नहीं होने देने के लिए प्रतिबद्ध है। नेपाली सेना इसके लिए मुस्तैद होकर दिन रात लगा रहता है। जनरल सिग्देल ने कहा कि खुली सीमा का फायदा उठाकर कोई अराजक तत्व अगर भारतीय सीमा में प्रवेश नहीं करे, इसके लिए हमें हमेशा सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि नेपाल में विदेशी आर्थिक प्रलोभन के चलते तेजी से हो रहे धर्म परिवर्तन को रोकने और इस्लामिक कट्टरपंथियों को नेपाल की भूमि का दुरुपयोग ना करने देने के लिए राजनीतिक स्तर पर एवं सरकारी स्तर पर भी और अधिक कड़े नीति नियम बनाने की आवश्यकता है।

### पलवल : लूट की योजना बनाते तीन युवक गिरफ्तार

**पलवल। पलवल जिले में सीआईए की टीम ने लूट की योजना बना रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो देसी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सीआईए प्रभारी दीपक गुलिया ने सोमवार को बताया कि टीम छज्जू नगर गांव के पास गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि सेलोठी गांव के प्रिंस और तुषार तथा हरी नगर के अजय उर्फ हब्सी अवैध हथियार लेकर छज्जू नगर-सेलोठी रोड पर मौजूद हैं। तीनों लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों को हिरासत में ले लिया। तलाशी दौरान आरोपियों से एक देसी कट्टा, तुषार से दो जिंदा कारतूस और अजय उर्फ हब्सी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। सीआईए के हवलदार मनोज कुमार की शिकायत पर सोमवार को सदर थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि उनकी अन्य संभावित आपराधिक गतिविधियों का पता लगाया जा सके।**

### एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लगातार इनोवेशन करते रहने पर दिया बल

### यह अवॉर्ड भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को दशार्ता है: रेल मंत्री

**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। रेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दशार्ता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेजी से ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5G तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज 5G रोलआउट कर रहा है। इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार भी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक 422 मीटर लंबी है, जो आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है।

### गुरुकुल के छात्रों ने फार्मा एक्सपो का किया भ्रमण

**हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय भेषज विज्ञान विभाग के बीफार्म एवं डीफॉर्म के छात्रों ने विकास भवन में आयोजित फार्मा एक्सपो का भ्रमण किया, जिसके अंतर्गत एक्सपो में आने वाली विभिन्न कंपनियों के विविध उत्पादों जैसे मशीन, उपकरण, रेपैरिनिग पाट्र्स आदि की नवीनतम जानकारी छात्रों को प्राप्त हुई। भ्रमण के दौरान उपकरणों की गतिविधियों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सूचनाओं को वहां पर उपस्थित संबंधित स्टाफ द्वारा विस्तार से छात्रों को दिया गया, जिसको जानकर छात्र अभिभूत हुए। बताया कि ऐसी जानकारियां उनके पाठ्यक्रम में भी उपलब्ध नहीं होती है एवं इससे उनको भविष्य में विभिन्न कंपनियों में काम करने के दौरान अत्यधिक लाभ मिलेगा। विभाग के शिक्षक तरुण कुमार, राहुल सिंह, ओम प्रकाश जोशी, डॉ. रोशन लाल आदि ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। गतिविधि के अंतर्गत विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन द्वारा एक्सपो में आयोजित व्याख्यानमाला के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों एवं फार्मा कंपनियों से आए प्रतिभागियों को फार्मा उद्योग से संबंधित नई जानकारी से संबंधित व्याख्यान दिया गया।**

## नेपाल में अवैध रूप से रह रहे सात बांग्लादेशी गिरफ्तार

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल पुलिस ने काठमांडू के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के सात नागरिकों को रविवार की देर शाम गिरफ्तार किया है। यह लोग वीजा की अवधि समाप्ति या अवैध रूप से नेपाल में घुस कर रह रहे थे। काठमांडू जिले के क्राइम ब्रांच के एसएसपी रमेश बस्नेत ने सोमवार को बताया कि चोरी छिपे काठमांडू के विभिन्न इलाकों में बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से रहने और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने विभिन्न इलाकों से बांग्लादेश के सात नागरिकों को गिरफ्तार किया। एसएसपी बस्नेत ने बताया कि गिरफ्तार बांग्लादेश के तीन नागरिकों के वीजा की अवधि को समाप्त हुए एक साल हो गया जबकि चार के पासपोर्ट पर वीजा ही नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि सभी अवैध रूप से भारत के रास्ते नेपाल के घुसे होंगे। पुलिस ने इनकी पहचान मोहम्मद अकुल इस्लाम, मोहम्मद आलममुल्ला, मोहम्मद जहांगीर आलम, मोहम्मद अमीनुल हक, मोहम्मद अब्दुल अहक, मोहम्मद नसरुद्दीन और मोहम्मद मोहसार हुसैन के रूप में की है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी बांग्लादेशी नागरिकों के संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने की सूचना मिली है। बस्नेत ने कहा कि ये सभी यहां के मेनपावर कंपनियों के साथ सेटिंग कर बांग्लादेशियों को यहां से खाड़ी देशों में भेजने का धंधा चला रहे थे। इसके एवज में यह लोग लाखों रुपये की वसूली भी करते थे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सेवा की भावना से कार्य कर रहा है :गुरमीत

### ● संगठन से जुड़कर समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को मजबूत करें

**देहरादून। एजेंसी**



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित कर समर्पण और सेवा के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस संगठन से जुड़कर इन मूल्यों को मजबूत करें। राजभवन में आयोजित राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह में 63 स्काउट्स, 51 गाइड्स, 31 रोवर्स, 27 रेंजर्स और 22 यूनिट लीडर्स सहित कुल 194 प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस रैली के माध्यम से गत वर्षों 2019, 2021, 2022, 2023 एवं 2024 के राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र जनपदों को प्रदान किए गए, जिसमें विद्यालय एवं महाविद्यालय दोनों सम्मिलित हैं। राज्यपाल ने संगठन के सदस्यों को उनके निःस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए सराहा और समाज सेवा की इस भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सेवा भावना की सराहना की। राज्यपाल ने स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तराखंड में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों की संख्या 50 हजार से अधिक हो गई है। राज्यपाल ने इस संख्या को और बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस संगठन से जुड़कर समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को मजबूत करें।

उन्होंने आपदा, दुर्घटनाओं और अन्य संकट के समय सबसे पहले राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए संगठन की सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर उप राष्ट्रपति अवार्ड मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले जनपद नैनीताल और ऊधमसिंह नगर को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस वर्ष डायमंड जुबली ह्यह्यजम्बूरीह्नह्न 28 जनवरी से 03 फरवरी, तमिलनाडु में सम्पन्न हुई। इस जम्बूरी में उत्तराखंड प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 16 प्रतियोगिताओं में जनपद अल्मोडा, नैनीताल, पिथौरागढ, हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, उत्तरकाशी ने 'ए' तथा 'बी' ग्रेड प्राप्त किया, इसके लिए इन जनपदों को कुल 07 प्रशंसा पत्र दिए गए। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. मुकुल कुमार सती, प्रादेशिक आयुक्त वंदना गर्ब्याल, प्रादेशिक सचिव रवीन्द्र मोहन काला, प्रादेशिक संगठन आयुक्त बी. एस. बिष्ट सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इस बार बज़ट कल्याणकारी और समावेशी होगा : विष्णु देव साय



**रायपुर। एजेंसी**

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन आज मुख्य समिति कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक शुरू हुई, जिसमें कार्य संचालन को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री साय ने बजट को लेकर कहा कि पिछली बार समावेशी बजट से मोदी गारंटी को पूरा किए थे।

इस बार बज़ट भी कल्याणकारी और समावेशी होगा। अटल जी के हर संकल्प को सरकार पूरा करेगी। ट्रिपल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में बन गई है। नगरीय और पंचायती क्षेत्रों में विकास काम होंगे। अगला सत्र नए विधानसभा भवन में होगा। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# रात के खाने में ना खाएं दही

**हम सभी जानते हैं कि दही खाना सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही एक सुपर फूड है, जिसे हर दिन खाया जा सकता है और यह सेहत को सिर्फ एक नहीं अनेक तरीकों से लाभ पहुंचाती है। पाचन से लेकर त्वचा और बाल सबको हेल्दी रखती है। इस विषय पर नए सिरे से बात करने की जरूरत नहीं है। आज हम इस विषय पर बात करेंगे कि आखिर रात के खाने में दही खाने को क्यों मना किया जाता है.**

## लाभकारी दही हानि क्यों करने लगती है ?

- आपने अपने पैरंट्स से अक्सर सुना होगा कि रात के समय दही या दही से बना रायता नहीं खाना चाहिए। लेकिन आज कल शादी-पार्टीज में यह ट्रेंड है कि आप रात के 12 बजे भी डिनर ले रहे होंगे तो आपको रायता जरूर मिलेगा खाने में.। खैर, सर्व करनेवाले तो सर्व करते है। यह तो आपको निर्णय लेना है कि रात में रायता या दही खाकर आप बीमार पड़ना चाहते हैं या नहीं।
- दही पाचनतंत्र को ऊर्जा देने का काम करती है। साथ ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। लेकिन यदि दही का सेवन रात में किया जा तो पाचनतंत्र भी डिस्टर्ब होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है।

## पाचकाग्नि को मंद हो जाती है

- अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर रात में दही खाने पर ऐसा क्या हो जाता है ? तो जान लीजिए कि रात को दही खाने पर पाचनतंत्र मंद हो जाता है। आयुर्वेद की भाषा में बात करें तो जठराग्नि मंद हो जाती है और शरीर की वायु कुपित हो जाती है। इस कारण रात में दही का सेवन करने पर हाथ, पैर, सिर, कमर या शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है।

## जुकाम लगा सकती है दही

- इसके साथ ही दही खाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर इस लिए बुरा असर पड़ता है, क्योंकि दही तासीर में ठंडी होती है। यदि रात में दही खाई जाती है तो शरीर में कफ की मात्रा में वृद्धि हो सकती है। इससे गले में दर्द, खराश, बलगम वाली खांसी, सिर में भारीपन, जुकाम आदि की समस्या हो सकती है।

## जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है

- जिन लोगों को जोड़ों के दर्द की शिकायत होती है यदि वे लोग रात के समय दही खाना शुरू कर दें तो यकीन मानिए कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब उनके जोड़ों का दर्द इस कदर बढ़ जाएगा कि दिन-रात का चैन खो सकता है।

## सो नहीं पाते ऐसे लोग

- जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत है, उन्हें रात के समय भूल से भी दही का सेवन नहीं करना चाहिए। नहीं रात के समय अस्थमा अटैक के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है। हालांकि सभी लोगों को इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए खट्टी दही और मीठी दही दोनों के शरीर पर अलग-अलग प्रभाव होते हैं। लेकिन रात के समय आपको किसी भी प्रकार की दही लेने से बचना चाहिए।

## आ सकता है बुखार

- रात के समय दही खाना आपको बुखार आने का कारण भी बन सकता है। इसकी वजह ऊपर बताए गए कारणों को मिलाकर तैयार हो जाती है। क्योंकि शरीर में पित्त और वायु का कुपित होना, जुकाम लगना, शरीर में दर्द होना जैसी समस्याएं शरीर के सामान्य तापमान को स्थिर नहीं रहने देती हैं। इससे बुखार आने की समस्या हो सकती है।

## रात को दही खाने से बढ़ती है सूजन

- रात को दही खाने से शरीर में सूजन बढ़ने की समस्या बढ़ सकती है। क्योंकि रात में दही का सेवन करने से पित्त की मात्रा में बढ़ोतरी हो सकती है, जो आपके शरीर में सूजन बढ़ाने का काम करेगा।
- अगर आपके शरीर में सूजन की समस्या पहले से है या कोई चोट लगी हुई है तो रात के समय दही खाना आपके शरीर को अंदर से कमजोर करने का काम करेगा। इससे आपके शरीर में दर्द और पीड़ा कई गुना बढ़ सकती है।

## जरूरी नहीं अगले दिन ही दिखे रिजल्ट

- अगर आपको लगता है कि आपने तो रात को दही खाई थी, आपको तो कोई समस्या नहीं हुई। तो यह जरूरी नहीं है कि आपने रात में दही खाई है तो अगले दिन सुबह के समय ही आपके शरीर में बीमारी के लक्षण दिखने लगेंगे। ये लक्षण दिन में किसी समय, अगली रात में या एक-दो दिन बाद भी नजर आ सकते हैं।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर किसी की रोग प्रतिरोधक क्षमता अलग-अलग होती है। एक तरफ जहां किसी में एक बार रात को दही खाने के बाद कुछ ही घंटे में तबीयत खराब हो सकती है तो किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में इसका असर 3 दिन बाद भी दिख सकता है।





# खून के थक्के बनने से रोकने की दवा लेते हैं तो न खाएं हरा साग

**हरा साग जैसे पालक क्लॉटिंग रोकने वाली वार्फरिन या कुमारिन दवाओं के असर को काफी हद तक कर देता है बेअसर इसलिए ऐसे लोग जो इन दवाओं को प्रयोग करते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि हरा साग न खाएं।**

जिन रोगियों में खून के असामान्य थक्कों के बनने और खून जमने की समस्या होती है, उन्हें एक विशेष दवा के सेवन के कारण कई बार हरा साग खाने से मना किया जाता है। यह दवा वार्फरिन है। यह और इसके जैसी अनेक दवाएं, जिन्हें कुमारिन-परिवार की दवाएं कहते हैं, विटमिन-के का प्रतिरोध करती हैं। इम्यूनोलॉजिस्ट एवं यूमैटॉलजिस्ट कहते हैं, विटमिन-के का काम खून की क्लॉटिंग से होता है। यह विटमिन यकृत में जमा होता है और इसी कारण हमारा खून सही ढंग से जमता है। यह विटमिन शरीर में क्लॉटिंग फैक्टरों का निर्माण करता है। विटमिन-ख न हो तो न जाने कितने ही लोगों की रक्तस्राव से मौत हो जाए, लेकिन फिर अनेक रोगियों में खून का जमना हानिकारक हो जाता है। मान लीजिए किसी रोगी में हृदयवॉल्व की सर्जरी हुई है या उसे कोई ऐसा रोग है, जिसमें खून बार-बार और जल्दी-जल्दी जमा करता है। ऐसे में अगर विटमिन-के का प्रतिरोध न किया गया, तो फिर खून का लगातार जमना हानिकारक या कभी-कभी जानलेवा साबित होगा। इसलिए ऐसे रोगियों में खून को पतला करने वाली दवाएं चलाई जाती हैं। इन्हीं दवाओं में कुमारिन-परिवार की सदस्य दवाएं भी शामिल हैं, जिनमें वार्फरिन प्रमुख है। हरा साग विटमिन-के का प्रमुख स्रोत है। इसे खाने से शरीर को विटमिन-ख की प्राप्ति होती है। लेकिन फिर जिन रोगियों को विटमिन-ख नहीं चाहिए या जिनके लिए विटामिन-के की प्रचुरता हानिकारक है, वे क्या करें ? वह ब्लड की क्लॉटिंग (स्तम्भन) को रोकने के लिए वार्फरिन जैसी दवाओं पर निर्भर रहते हैं। और हरे साग का सेवन वार्फरिन को समुचित कार्य करने से रोकेगा।

## आयरन की गोलियां खाएं

इसलिए डॉक्टर की सलाह होती है कि अगर आप वार्फरिन या अन्य कुमारिन-दवाएं खाते हैं, तो हरा साग कम-से कम खाएं या न खाएं। हां, यह जरूर है कि ऐसा करने से आपको आवश्यक आयरन नहीं मिलेगा और अनीमिया की आशंका बढ़ जाएगी, लेकिन ऐसी परिस्थिति में वार्फरिन के साथ हरे साग की बजाय आयरन की गोलियों का सेवन कहीं बेहतर है।



# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से हो सकते हैं मानसिक दिव्यांगता का शिकार

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से ऑटिज्म जैसी मानसिक दिव्यांगता विकसित हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत तीन संस्थानों के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। ऑटिज्म के मरीज न तो अपनी बात ठीक से कह पाता है ना ही दूसरों की बात समझ पाता है और न उनसे संवाद स्थापित कर सकता है। यदि इन लक्षणों को समय रहते भांप लिया जाए, तो काबू पाया जा सकता है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के धीमे मानसिक व शारीरिक विकास से जुड़ी इस बीमारी के लक्षण बचपन में ही दिखने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कोलेस्ट्रॉल और ऑटिज्म के संबंध के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑटिज्म के सबटाइप वाली एक बीमारी उन्हीं अनुवांशिक तत्वों से होती है जो शरीर में कोलेस्ट्रोल मेटाबोलिज्म और मस्तिष्क विकास को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नमूनों के डीएनए अध्ययन से पाया कि लिपिड डायफंक्शन और ऑटिज्म के बीच साझा आणुविक जड़ें होती हैं। फिर वैज्ञानिकों ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन करके इस बात की पुष्टि की। लिपिड जीवित कोशिकाओं में एक महत्वपूर्ण अवयव होता है जो एल्कोहल में घुलनशील है। अध्ययनकर्ता इसहाक कोहेन का कहना है कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि यह बहुत जटिल बीमारी है और इसके विभिन्न प्रकार अलग-अलग कारणों से उत्पन्न होते हैं।

# खर्राटों की समस्या से निजात दिलाएगा चुंबक

**अगर आपको भी खर्राटे लेने की समस्या है तो आपके लिए एक खुशखबरी है। माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चुंबक की मदद से एक ऐसा उपकरण बनाया है जो खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है। दो चंबुकों के खींचने की क्षमता की मदद से हवा की नली को रात में सोने के दौरान खुला रखकर खर्राटों की समस्या को ठीक किया जा सकता है।**

इस समस्या से दुनियाभर में लाखों लोग जूझ रहे हैं। इस बीमारी के कारण रात को सोते वक्त हवा की नली संकरी हो जाती है और सांस लेने में अवरोध पैदा होता है। इसके लक्षणों में खर्राटे लेना और मुंह से अजीब आवाजें निकालना भी शामिल है। यह बीमारी 40 साल की उम्र से ऊपर के पुरुषों में ज्यादा होती है। मोटापा, शराब की लत और धूम्रपान इसके जोखिम कारक हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। मैग्नेटिक एपनोइया प्रीवेंशन (मैगनैप) उपकरण में उस तरह के चुंबक का इस्तेमाल होता है जो कंप्यूटर हार्ड ड्राइव और साइकिल के डायनेमो में पाए जाते हैं। यह उपकरण सांस की नली को खुला रखने में मदद करता है। चुंबक में एक क्षरण-प्रूफ टाइटेनियम कोटिंग है और यह दावा किया जाता है कि इन्हें एक बार प्रतिरोपित करने के बाद सालों तक सुरक्षित रूप से शरीर में छोड़ा जा सकता है।

इस उपकरण का आकार पचास पैसे के सिक्के के जितना है और इसे सर्जरी के द्वारा गले के हायोड बोन में फिट किया जा सकता है। यह हड्डी जीभ के ठीक नीचे गले में होती है। इस चुंबक को फिट करने की सर्जरी को करने में एक घंटे का समय लगेगा। सर्जरी के चार हफ्ते के बाद एक और चुंबक गले में लगाया जाएगा।

यह दूसरा चुंबक पहले से गले में लगाए गए चुंबक को आकर्षित करेगा जिससे एक हल्का खिंचाव तैयार होगा और हवा की नली खुल जाएगी। मरीज के गले और हवा की नली के आकार के अनुसार विभिन्न आकार के चुंबकों का प्रयोग किया जा सकेगा। अब तक माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में छह लोगों के गले में इस उपकरण को प्रतिरोपित किया गया है। उनकी निगरानी की जा रही है ताकि इस उपकरण की उपयोगिता का पता लगाया जा सके।





# दिल का रखेंगे ध्यान ब्रोकली और पत्तागोभी

क्या आपको भी ब्रोकली, पत्तागोभी और ब्रसल्स स्प्राउट जैसी सब्जियां अच्छी नहीं लगतीं। अगर आप भी इन सब्जियों को खाने से परहेज करते हैं तो आप अनजाने में दिल की बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। एक हालिया शोध के अनुसार ये सब्जियां रक्त धमनियों और वाहिकाओं की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं। रक्त धमनियों में अवरोध पैदा होने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध में पाया गया कि पत्तेदार हरी सब्जियों जैसे ब्रोकली, ब्रसल्स स्प्राउट और पत्तागोभी का सेवन करने का संबंध बुजुर्गों में रक्त वाहिकाओं की बीमारियों के कम जोखिम के साथ था। ईसीयू स्कूल ऑफ मेडिसिन और द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने 684 बुजुर्ग महिलाओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन महिलाओं ने ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनकी महाधमनी में कैल्शियम के जमाव का खतरा कम पाया गया। यह रक्त वाहिकाओं में होने वाली बीमारियों का पहला संकेत होता है।

## हार्ट अटैक हो सकता है

रक्त वाहिकाओं की बीमारियां धमनियों और नसों को प्रभावित करती हैं। धमनियों और नसों में कैल्शियम का जमाव होने से रक्त के प्रवाह में बाधा आती है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

## ब्रोकली और स्प्राउट है बेहद फायदेमंद

प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर लाउरेन ब्लेकिनहोरस्ट ने कहा, हरी पत्तेदर सब्जियों के बारे में कुछ पेचीदा था, जिस पर इस अध्ययन ने अधिक प्रकाश डाला है। हमारे पूर्व शोधों में हमने पाया कि जिन लोगों ने हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनमें दिल संबंधी बीमारियों और घटनाएं जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम कम पाया गया। हमारे शोध से हरी पत्तेदार सब्जियों के फायदों के बारे में पता चलता है। बुजुर्गावस्था में ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से धमनियां स्वस्थ रहती हैं और इससे दिल भी स्वस्थ रहता है।

## विटामिन-के मौजूद होता है

हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी में बडी मात्रा में विटामिन- के मौजूद होता है। विटामिन-के रक्त वाहिकाओं में कैल्शियम के जमाव को रोकने का काम करता है।

## रोजाना सब्जी खाना जरूरी

डॉक्टर ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा कि इस अध्ययन में जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 45 ग्राम से अधिक सब्जियों का सेवन किया (जैसे एक कप उबली हुई ब्रोकली या एक कप पत्ता गोभी) उनकर महाधमनी में कैल्शियम के व्यापक जमाव की आशंका 46 प्रतिशत कम थी। इनकी तुलना रोजाना सब्जी नहीं खाने वाले लोगों से की गई। ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी का ही सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि सभी प्रकार की मौसमी सब्जियां खानी चाहिए।

## रोजाना कितनी सब्जी खाएं

- रोज सलाद के रूप में 80 ग्राम कच्ची सब्जी का सेवन करना चाहिए।
- प्रतिदिन 80 ग्राम पकी हुई सब्जी का सेवन करने की सलाह।
- प्रतिदिन 125 मिलीलीटर सब्जी के जूस का सेवन करना चाहिए।



# घुटने का दर्द हो जाएगा छूमंतर ट्राय करें यह देसी नुस्खा

**बढ़ती उम्र और डेली रूटीन में अलग-अलग स्थितियों के कारण हमारे शरीर में अलग-अलग प्रकार के बदलाव होते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई प्रकार की बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं भी शरीर को अपना शिकार बनाती हैं जिनमें घुटनों का दर्द भी प्रमुख रूप से गिना जाता है। घुटने के दर्द की समस्या ज्यादातर बुजुर्गों को परेशान करती है वहीं खेलकूद से जुड़े लोगों को भी इस समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए यहां पर एक देसी नुस्खे के बारे में बताया जा रहा है जो उनके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कारगर रूप से कार्य कर सकता है। आइए इस देसी नुस्खे के बारे में आपको पूरी जानकारी देते हैं।**

## क्यों होता है घुटनों में दर्द ?

इस देसी नुस्खे को जानने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि आपके पैरों में होने वाले दर्द का प्रमुख कारण क्या होता है ? मुख्य रूप से अगर बात की जाए तो घुटनों में होने वाला दर्द टेंडइनाइटिस, गाउट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, बेकर्स सिस्ट, बर्साइटिस जैसी मेडिकल कंडीशन के कारण होता है। इसके अलावा खेलकूद के दौरान लगने वाली चोट या फिर किसी दुर्घटना में गिरने के कारण भी घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है। नीचे आपको ऐसे दो खास देसी नुस्खे बताए जा रहे हैं जो सामान्य रूप से घुटने में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने के लिए आपकी मदद कर सकते हैं।

## सेब के सिरके का करें सेवन

सेब के सिरके में ऐसे कई औषधीय गुण मौजूद रहते हैं जो आपकी सेहत के लिए भी प्रभावी रूप से फायदेमंद साबित होते हैं। एक चम्मच सेब के सिरके को अगर आप गर्म पानी के साथ मिलाकर पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पेन रिलीविंग गुण आपके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए प्रभावी असर दिखा सकता है। आप इस तरह सेब के सिरके का दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं। कोशिश करें कि खाना खाने के पहले इसका सेवन करें।

## नींबू और तिल के तेल का इस्तेमाल

एक नींबू लें और उसे काटकर रस निकाल लें। अब दो चम्मच तिल के तेल में नींबू के रस को मिलाएं और हल्के हाथों अपने घुटनों पर इस मिश्रण की मालिश करें। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद यानी मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले आप इस देसी नुस्खे को ट्राय कर सकते हैं। नींबू में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण घुटनों में होने वाली सूजन को कम कर के दर्द को दूर कर सकता है।

एक बात का ध्यान रखें कि गंभीर मेडिकल कंडीशन होने के कारण आपको इस देसी नुस्खे का कोई खास फायदा नहीं मिलेगा और आपको मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत भी पड़ेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741